श्री रामदास अठावले : यह बहुत इम्पॉर्टेंट बिल आया है, इसलिए आप लोगों को इसका सपोर्ट करना चाहिए, इस बिल पर चर्चा करनी चाहिए। आप चर्चा करने के लिए यहां आए हैं, लेकिन इस इम्पॉर्टेंट बिल पर आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं। आप सपोर्ट करें या विरोध करें, वह भी आपको अधिकार है, लेकिन आप बोल रहे हैं कि चार घंटे की चर्चा को आधे घंटे में खत्म करो। जब आपको चर्चा करनी होती है, तो बोलते हैं कि छः घंटे चाहिए और अभी आप बोल रहे हैं कि आधे घंटे में खत्म करो, तो आधे घंटे में चर्चा कैसे खत्म हो सकती है? **...(व्यवधान)...** यह बहुत बड़ा विषय है। मेरा कहना है कि ट्राइबल एरियाज़ के लोगों को न्याय देने की कोशिश आपने भी की थी। आपने 60-65 साल तक कोशिश की, अब हमें मौका मिला है। पहले मैं उधर ही था, लेकिन अब इधर आया हूं **...(व्यवधान)...** इसलिए आदिवासियों को न्याय देने के लिए अगर यह बिल लाया गया है, तो सभी लोगों को इस बिल को सपोर्ट करना चाहिए। आदिवासियों को न्याय देने के लिए, इल्लीगल माइनिंग का जो काम चल रहा है, उसको रोकने के लिए अगर यह बिल आया है, अगर सरकार अच्छा काम कर रही है, तो आप लोगों को हमें सपोर्ट करना चाहिए। **...(व्यवधान)...**

कुछ माननीय सदस्य : कौन सा बिल? कौन से बिल पर बोल रहे हैं आप? **...(व्यवधान)...**

श्री रामदास अठावले : अगर हम गलत काम करेंगे, तो पांच साल के बाद जब हम दोबारा इलेक्शन में जाएंगे तो बताएंगे कि हमने क्या किया, क्या नहीं किया। अगर अभी हमें मौका मिला है तो **...(व्यवधान)...** नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अच्छे दिन देश में आएंगे, लेकिन अच्छे दिन आपके लिए नहीं हैं, हमारे लिए और लोगों के लिए अच्छे दिन लाने हैं। **....(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please don't comment while sitting. ...(*Interruptions*)... Please don't do that. ...(*Interruptions*)...

श्री रामदास अठावले : जब हमारे अच्छे दिन आएंगे, तो हम लोगों के लिए अच्छे दिन लाएंगे। अगर हम अच्छा नहीं करेंगे, तो जो आपका हाल हुआ, वही हमारा होने वाला है, इसलिए हम अच्छा काम करने की कोशिश करेंगे। महोदय, यह बिल बहुत इम्पॉर्टेंट है और इस पर आज तीन-चार बार

---

*Expunged as ordered by the Chair.

[श्री रामदास अठावले]

हाउस एड्जॉर्न हुआ, यह अच्छी बात नहीं है। उपसभापति महोदय, आप बहुत स्ट्रिक्ट हैं। आप उधर के हैं, लेकिन आप उनको भी ठीक करते हैं और हमको भी ठीक करते हैं, इसलिए आप जैसा शेर होना चाहिए। **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : दोनों ही ठीक नहीं होते हैं।

श्री रामदास अठावले : आप हर हालत में हाउस चलाने की कोशिश करते हैं। यह बिल बहुत इम्पॉर्टेंट है, लेकिन ये लोग समझ नहीं रहे हैं कि यह बिल कितना इम्पॉर्टेंट है। **...(व्यवधान)...**

कुछ माननीय सदस्य : कौन सा बिल?

श्री रामदास अठावले : इसलिए इस बिल के इतना इम्पॉर्टेंट होने की वजह से **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please don't do that. ...(*Interruptions*)... Sit down. ...(*Interruptions*)...

श्री रामदास अठावले : हम इस बिल का समर्थन करते हैं और इस बिल के माध्यम से लोगों को न्याय मिलेगा, आदिवासियों को न्याय मिलेगा **...(समय की घंटी)...** यह हम आशा करते हैं, जय भारत!

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : मुख्तार भाई, रामदास जी का नाम ज़रा मोदी जी के पास भिजवा देना, अगले मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Dr. Chandan Mitra. ...(*Interruptions*)... You are not speaking. ...(*Interruptions*)... Okay, Mr. Tarun Vijay is speaking. All right.

श्री तरुण विजय : उपसभापति महोदय, धरती को रत्नगर्भा कहा गया है। धरती को जब हम स्पर्श करते हैं तो मां समझकर स्पर्श करते हैं और "पादं स्पर्शं क्षमस्व वे" – धरती से क्षमा मांगते हैं कि ऐ धरती मां, हम पांव से स्पर्श कर रहे हैं। धरती रत्नगर्भा क्यों है क्योंकि उसके हृदय में, गर्भ में जो रत्न हैं, खनिज हैं, पदार्थ हैं, वे सब वसुधा के कुटुम्ब के लिए हैं और उसके हिस्से में आने चाहिए, इसीलिए धरती को वह मातृत्व दिया गया कि जो गरीब लोग हैं, जो सामान्यजन हैं, जो वत्सल भाव से मातृत्व की उपासना करते हैं, उन्हें उसका सर्वश्रेष्ठ उपहार मिल सके। यही बात जीसस क्राइस्ट ने कही थी। Antony saheb, Jesus Christ said, ..(*Interruptions*).. Will you please listen to me? Antony saheb, Jesus Christ said, "Blessed are the meek for they shall inherit the earth." जो गरीब है, जो सबसे अंत में है, जो पिछड़ा हुआ है, वह इस धरती के उपहार को प्राप्त करने वाला सबसे पहला होगा। लेकिन उस धरती मां को यह पता नहीं था कि जो लोग उस गरीब तक धरती के उपहार को पहुंचाने के लिए सदन में भेजे जाते हैं, वे उस सर्वहारा के हाथ से रोटी छीनने के लिए इस बिल को विलम्बित कर रहे हैं। उस धरती का जो हृदय है, उसको जीर्ण-शीर्ण कर रहे हैं। महोदय, मैं पांच साल जनजातीय क्षेत्र में काम करके आया हूं। मैं महाराष्ट्र में जगदलपुर में उन जनजातीय लोगों की दुर्दशा देखकर आया हूं जिनके पास दो जून की रोटी और दो वक्त का कपड़ा

नहीं है। देश के आठ प्रतिशत लोग जनजातीय हैं। उन आठ प्रतिशत लोगों में 98 प्रतिशत आतंकवाद है। आपको यह बात समझ में आनी चाहिए कि उन गरीब, पिछड़े हुए, अंत में लगे हुए लोगों में 98 परसेंट इन्सर्जेंसी और टेररिज्म है, only in eight per cent Tribal population. खान में अवैध खनन होता था और उस अवैध खनन के कारण उनका विस्थापन होता था। उनकी पीढ़ियां बरबाद हो गयीं, उनको अपने खेतों में मालिकाना हक नहीं मिले। वहां पर मर्सिडीज़ और बीएमडब्ल्यू लेकर जो करोड़पति और अरबपति आते थे और बड़े-बड़े राजनेताओं को चंदे देते थे, वे उन जनजातियों का खून चूसते थे, उनका शोषण करते थे। मैं वनवासी कल्याण आश्रम में रहा हूं और उस समय हमारे कम्युनिस्ट लोग गोदा ताई पारुलेकर की तलासरी में, लाल बउटा और हमारे जगदलपुर में क्या नारा लगता था, "उस खेत के हर ग़ोशा-ए गंदुम को जला दो, जिस खेत से दहकां को मयस्सर न हो रोटी।" बड़ा अच्छा नारा लगता था। हम गरीबों के साथ हैं, सर्वहारा के साथ हैं, हम सर्वहारा की क्राति करने वाले हैं, हम इस क्षेत्र की जनजातियों में सर्वहारा की सत्ता लाने वाले हैं। आज देश ने देखा कि सदन में सर्वहारा की क्राति करने वाले जमींदारों और सामंतशाहियों के प्रतिनिधि बनकर ये लोग उन गरीबों तक इस खनन का लाभ पहुंचाने में बाधा बन गए, दीवार बन गए। महोदय, विश्व में सारी दुनिया ने देखा, जब लोगों ने मज़ाक उड़ाया। आपको वह वाक्य याद होगा। आपके नेता, स्पोक्सपर्सन का वह वाक्य था, " मिस्टर सीएजी" उन्होंने बड़े ज़ोर से बोला था, "Mr. CAG, where is ₹ 1,70,000 crore thundered the spokesman of the party?" कहां हैं वह 1 लाख 76 हज़ार करोड़ रुपया, बताइए? दूसरे साहब ने कहा, यह सब बेकार की बात करते हैं। क्या घाटा हुआ है? कोई घाटे की बात करते हैं। अरे! Zero sum gain है - ज़ीरो, ज़ीरो, ज़ीरो। कुछ नहीं हुआ है इसमें। लाख करोड़ की बात करते हैं! उस विनोद राय का सारा हिसाब है। वह 1 लाख 76 हजार करोड़ रुपए का हिसाब गलत है। फिर उन्होंने अपनी वह फेमस लाइन कही, famous for his zero-loss theory, was cock-a-hoop. It is dangerous to look at the situation in 2010 and relate it to 2008. लेकिन हम उत्तर जानते हैं। सर, सारे मुल्क ने देखा है, सच्चाई कैसे सामने आयी। सच्चाई इस तरह सामने आयी कि केवल 199 माइन्स, जो हमने ऑक्शन में रखीं, उनमें से तीस में ही This is The Hindu report, "States to earn ₹ 15,00,000 crores as revenue in thirty years." 15 लाख करोड़ रुपए इन 6 राज्यों को अगले तीस साल में मिलने वाले हैं। इन 6 राज्यों में बीजेपी नहीं होगी, इन 6 राज्यों में आप नहीं होंगे या कोई नहीं होगा, इन 6 राज्यों में हिन्दुस्तान की सरकार होगी...। जो हिन्दुस्तान के गरीबों को यह पैसा देगी। उसमें बाधा बनने वाले कभी माफ नहीं किए जाएंगे। **...(समय की घंटी)...** यह पैसा गरीबों तक जाएगा। **...(समय की घंटी)...**

सर, दुनिया में भारत की कोल माइन्स की क्या स्थिति है? "Five days of auction sees six States reap ₹ 18,000 crores windfall." This was said in a report of The Economic Times. यह पैसा किसको जा रहा है ? यह वहां के मुख्य मंत्रियों की जेब में भी नहीं जाएगा। किसी भी पार्टी की सरकार हो, आपकी हो या हमारी हो, सिर्फ हिन्दुस्तान फलता-फूलता है। हिन्दुस्तान के गरीबों की गरीबी दूर होती है, तो इससे किसका सपना पूरा होता है? अगर मैं कहूंगा कि दीन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा होता है और आपको मेरे साथ कहना चाहिए कि इंदिरा गांधी का भी सपना पूरा होता है। **...(समय की घंटी)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, conclude please.

श्री तरुण विजय: श्रीमती इंदिरा गांधी गरीबी को खत्म करने के पक्ष में थीं, गरीबी हटाने के पक्ष में थीं। अगर गरीबी हटानी है, if you think you are the true followers of Indira Gandhi,...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Tarunji, conclude please.

SHRI TARUN VIJAY: If you think you are the true followers of Mahatma Gandhi, you should have been the very first to support this Bill, without any disturbance.

श्री उपसभापति: तरुण जी, कन्क्लूड करिए।

श्री तरुण विजय: सर, अगर गरीब की गरीबी दूर नहीं होगी, तो हम कहां जाएंगे? महात्मा गांधी ने दांडी मार्च शुरू किया था, उन्होंने नमक को हाथ में लेकर दांडी मार्च शुरू किया था, गरीब के नमक को हाथ में लेकर उन्होंने दांडी मार्च शुरू किया था। **...(समय की घंटी)...** अगर आज का हिन्दुस्तान कोयले को लेकर देश की जनजातियों, किसानों, मजदूरों तक लाखों-करोड़ रुपये पहुंचाना चाहता है, तो भारत की संसद सर्वानुमति से, सारे राजनैतिक भेद भूलते हुए, उन गरीबों के पक्ष में खड़ी होनी चाहिए। **...(समय की घंटी)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Tarunji, please conclude.

श्री तरुण विजय: सर, इसीलिए मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और यह चाहता हूं कि भारत के सभी राजनीतिक दल भी इसका समर्थन करें। जय हिन्द।

श्री शरद यादव (बिहार): उपसभापति महोदय, खासकर के जो माइन्स एंड मिनरल्स का बिल है और कोल का बिल है...

एक माननीय सदस्य: अभी कोल का बिल नहीं आया है।

श्री शरद यादव: कोल का बिल आया नहीं है, लेकिन आएगा। जहां जंगल है, जहां आदिवासी है, जहां पहाड़ है, वहीं ..। सर, हमें चार मिनट का समय दे दीजिए। हम कम बोलेंगे।

श्री उपसभापति: आपसे कुछ नहीं बोला है। आप बोलिए।

श्री शरद यादव: इस मामले में लोगों की राय अलग-अलग नहीं है। मैं नेता सदन से कहना चाहता हूं कि यह ट्रायबल स्टेट जरूर है, लेकिन जो 68 वर्ष का अनुभव है और श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी तो मध्य प्रदेश के ऐसे इलाके से आते हैं जहां आदिवासियों का बहुत बड़ा इलाका है। हालत यह है कि देश में सबकी बोली है, सबकी आवाज है, सब लोगों का संगठन है- दलितों का है, पिछड़ों का है, किसानों का है, अक्लियत का भी है, मजदूरों का भी है, वकील और प्रोफेसरों का भी है, हर एक समाज का संगठन है। एक हिस्सा जरूर है जिसे मूलवासी कहिए, आदिवासी कहिए, वनवासी कहिए, जो जंगल में धकेल दिए गए। मैं इसके इतिहास में नहीं जाता, लेकिन ये लगभग 10-11 करोड़ लोग हैं। आप कह रहे हैं कि यह राज्य को जाएगा, तो अरुण जी, राज्य को जाएगा, अगर इन लोगों को राज्य में बैठा दोगे, तो जो नॉन-ट्राइबल्स हैं, वे सभी धर्म के, किसी एक धर्म के नहीं, उनके साथ न्याय नहीं किया गया है, इतिहास इसकी गवाही देता है। पूरे देश में, हिन्दुस्तान में जहां सबसे ज्यादा लाचारी, बेबसी, गुरबत, लूट है, यह वह इलाका है। वहां पर न इंदिरा आवास है, न वहां पर नहर

बन सकती है, न वहां पानी जा सकता है। हमारे देश की सबसे बड़ी पूंजी भी यहीं है। खेती के बाद अगर हमारे पैर मजबूत करने के लिए कोई ताकत हमारे पास है तो यही है। मैं नरेन्द्र सिंह तोमर जी से segregation के बारे में बात कर रहा था और आपसे भी मेरी विनती है कि आपको अभी समय मिले, नहीं तो जो सलेक्ट कमेटी बनेगी, उसमें भी मेरी पूरी कोशिश होगी कि मैं भी अपनी तरफ से इसको करूं। क्योंकि आदिवासियों के बारे में जितने भी कानून बने हैं, वे कहीं काम नहीं आ रहे हैं। आप पैसा स्टेट गवर्नमेंट को जो इतना दे रहे हैं, यह पैसा इनके पास कैसे जाए, तो आप इनको कैसे segregate करोगे? यानी इनके हाथ में कैसे जाए? यदि आप डिस्ट्रिक्ट कमेटी बना रहे हैं, तो यह बड़ा भारी संकट है। डिस्ट्रिक्ट कमेटी में जो non-tribal लोग हैं, उन्होंने 68 बरस में ही नहीं अपितु हजारों वर्षों में उनके हक में काम नहीं किया, अब कहां से उनके हक में काम कर लेंगे? इसलिए मेरी सरकार से विनती है कि इस मामले में आप जो यह बिल लाए हैं, मैंने इसको देखा है कि जो non- tribal लोग हैं, इसमें उनको भी तकलीफ है, लेकिन ऐसी तकलीफ किसी दूसरी जगह नहीं है। यदि इन लोगों को राहत देनी है, तो आपको segregate करके कोई न कोई ऐसी स्थिति लानी पड़ेगी, जैसे हमने तेलंगाना के विकास के लिए एक अलग कमेटी बनाई थी और हमने बुंदेलखंड के लिए भी इसी तरह से कुछ किया है तथा जब भी सूबों में झगड़े होते हैं, तब भी हम लोग कुछ ऐसा करते हैं। ये जो आदिवासी लोग हैं, इन लोगों से ज्यादा दुखी और तकलीफ में कोई भी नहीं है। आपने इनकी सारी धरती ले ली है। जहां जंगल हैं और जहां पहाड़ हैं, वहां आदिवासी हैं तथा ये आदिवासी वहां हजारों सालों से रह रहे हैं, लेकिन उनकी हालत नहीं बदल रही है। इस सम्पत्ति में उनका हिस्सा होना चाहिए, आप इनके लिए कहीं से भी कोई रास्ता बनाइए। आप का झारखंड राज्य है, वहां भी खानें हैं, लेकिन आप मुझे इस देश में कोई एक भी ऐसा ट्राइबल बता दें, जो करोड़पति हो। आप अरबपति की की बात तो छोड़ दीजिए। आप मुझे दस करोड़ लोगों में कोई एक आदिवासी बता दीजिए, जो करोड़ रुपए की हैसियत रखता है। ...**(व्यवधान)**...

डा. प्रदीप कुमार बालमुचू (झारखंड): झारखंड में आदिवासी मुख्य मंत्री था, उसको बदल दिया है।

श्री शरद यादव : आप वह बात छोड़ दीजिए। आदिवासी मुख्य मंत्री बनने पर भी झारखंड में लूट कहां बंद हुई? मैं तो यह कह रहा हूं कि आदिवासियों को कहीं भी राहत नहीं है। आप जब तक कानून में राहत नहीं दोगे और उसी के हाथ में राहत नहीं दोगे, तब तक कोई काम होने वाला नहीं है। यही मेरी विनती है। आप आदिवासियों के मामले में नाम जरूर ले रहे हैं, ट्राइबल स्टेट है, लेकिन उनको कुछ सुख मिलने वाला नहीं है। आप इसका प्रावधान तरीके से करिए।

श्री नरेश अग्रवाल : माननीय उपसभापति जी, सत्ता का अहंकार बहुत अच्छा नहीं होता है। मैं आप से यह बात इसलिए कह रहा हूं कि अगर आप देश का इतिहास पढ़ेंगे, तो पता चलेगा कि जब-जब सत्ता का अहंकार हुआ, तब-तब कहीं न कहीं नाश हुआ, कहीं न कहीं कमी हुई। मैं इतिहास पढ़ रहा था, उसके अनुसार 1993 में जब स्टेंडिंग कमेटी का प्रोविजन हुआ था, उस समय आदरणीय नरसिंहा राव जी देश के प्रधान मंत्री थे, डॉ. शंकर दयाल शर्मा जी थे। उपसभापति जी, मुझे बताया गया है कि वेंकट रमन साहब भी थे, पाटिल साहब थे और नारायणन साहब थे, उस समय स्टेंडिंग कमेटी का प्रोविजन इसीलिए किया गया था कि चीजों पर आम राय बने। किसी एक पक्ष की हठ नहीं होनी चाहिए, क्योंकि राजनीति कोई बाल हठ के लिए नहीं है, राजनीति देश के लिए है। हम

[श्री नरेश अग्रवाल]

यहां कोई झुनझुना न पकड़ें कि इसमें हमारा हठ है और हठ करना भी नहीं चाहिए। इसीलिए स्टेंडिंग कमेटीज़ बनाई गई थीं और उसमें सभी दलों के लोगों को रखा गया था। हम लोग जब राज्य में थे, तब राज्यों में इस बात की मिसाल देते थे कि देश की सरकार ने स्टेंडिंग कमेटीज़ बनाई हैं, इसलिए राज्यों में भी स्टेंडिंग कमेटीज़ बननी चाहिए, ताकि सभी की सर्वसम्मत राय से कुछ बने। हम लोग अपने-अपने राज्य का हित देखने आए हैं। इस बिल से हमारे राज्य को कुछ नहीं मिलने वाला है, क्योंकि कोयला हमारे राज्य में नहीं निकलता है। इससे ऐसा कुछ प्रतीत नहीं होता कि हमारे राज्य को कुछ मिलने जा रहा है। मैं यह कहूंगा कि आपको भी हठ नहीं करना चाहिए। मैं देख रहा हूं कि आज जिस तरह से हठ हो रहा है, यह बहुत अच्छी बात नहीं है। मैंने भी सेलेक्ट कमेटी के लिए साइन किए हैं। मैं आपसे कुछ बातें कहना चाहूंगा। इन्होंने NGT, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल बना दिया है। यह कहा गया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल बन जाएगा तो पूरे देश में पर्यावरण ठीक हो जाएगा और जो देश में मानक हैं, वे पूरे हो जाएंगे। क्या आपको मालूम है कि आज नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की क्या हालत है? किसान खेत में एक छटांक मिट्टी भी नहीं खोद सकता है, भट्टे पर ईंटें नहीं बन सकती हैं। इस नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पूरा नोएडा बरबाद कर दिया है। एक गरीब आदमी अपना घर बनाने के लिए तरस गया है कि वह अपना घर बनाए। आप उसके लिए बिल लाते, अगर आपको गरीबों की चिंता थी, आदिवासियों की चिंता थी। शरद जी कह रहे थे कि कौन सा आदिवासी रईस हो गया? मुझे याद है कि जब नेता जी उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री थे, तो हमने विद्यापुर और भदोही में वहां का डेवलपमेंट करके नक्सलवाद को खत्म किया था, नहीं तो आज भी वे लोग जो पानी पीते हैं, शायद उस पानी को हम पी लें, तो हम एक घंटे भी जिंदा नहीं रह सकते, जिस स्थिति में वहां के लोग रह रहे हैं। आपने उनकी क्या बात की? आपने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को खड़ा किया। अगर वे लोग तेंदुआ पत्ता बीनते थे, तो आपने तेंदुआ पत्ते पर रोक लगा दी। आपने इसे भी ठेके पर दे दिया। मैं तो कहता हूँ कि आपको नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को भंग कर देना चाहिए। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में जो हो रहा है, जो-जो आरोप लग रहे हैं, मैं कहना नहीं चाहता हूँ। उसके चेयरमैन पर तमाम आरोप लगे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। मैं आपसे आज फिर कहता हूँ कि न बाल हठ आपको करना चाहिए, न हम बाल हठ में हैं। आज आपको जिद छोड़ देनी चाहिए। चाहे चेयरमैन साहब सब नेताओं को बुलाएँ, चाहे प्रधान मंत्री जी सब नेताओं को बुलाएँ, जब तक सहमति न बने, तब तक आपको इस बिल पर जिद नहीं करनी चाहिए। अगर आप यह संदेश देना चाहते हैं कि हम राज्यों का भला करना चाहते थे, हम आदिवासियों, गरीबों का भला करना चाहते थे, यह विपक्ष जान-बूझकर रोक रहा है, तो यह मेसेज नहीं जाएगा। आप यह गलतफहमी निकाल दीजिए। मैं आपसे फिर कहता हूँ कि इसकी जिद छोड़िए। आप प्रस्ताव रखिए, आप सब नेताओं को बुलाइए, हम सब बैठे हैं, सबकी बात सुनिए। ऐसा नहीं कि मैं इस बिल के सभी क्लॉजेज़ के विरोध में हूँ, मैं तो इस बिल के 90 परसेंट क्लॉजेज़ के पक्ष में हूँ।

श्री रवि शंकर प्रसाद : नरेश जी, क्या ये लोग तैयार हैं कि आप सही बात कह रहे हैं? ...**(व्यवधान)**... आप बहुत अच्छी बात कह रहे हैं, लेकिन क्या ये लोग तैयार हैं? ...**(व्यवधान)**...

श्री नरेश अग्रवाल : एक बात बताइए कि सेलेक्ट कमेटी क्या है? सेलेक्ट कमेटी सभी दलों के नेताओं की, सभी दलों के साथियों की बैठक ही तो है। सेलेक्ट कमेटी और क्या है? क्या कोई जिद है कि यह बिल आज ही पास हो जाए? मैंने तो एक सजेशन दिया, आप इसे मानें या न मानें, यह

आपकी जिद है, लेकिन मेरा यह कहना है कि आप आज इस जिद को छोड़िए, बड़प्पन दिखाइए। हम तो कहते हैं कि नेता सदन, आप खड़े होकर बड़प्पन दिखाइए। **(समय की घंटी)** आप कहिए कि हम सभी दलों के नेताओं को बुलाएँगे और इस पर राय लेंगे। मैं तो कह रहा हूँ कि मैं इससे 90 परसेंट सहमत हूँ, लेकिन आप जो प्रोसीजर एडॉप्ट कर रहे हैं, मैं उस प्रोसीजर का विरोधी हूँ। मेरी राय है कि जिद छोड़ कर हम लोगों को एक साथ मिल कर काम करना चाहिए।

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : कुछ माननीय सदस्यों ने सेलेक्ट कमेटी का जो प्रपोजल दिया है, उसको आपने देखा नहीं है। आपने कहा कि सभी पार्टी के सदस्यों को इसमें समाहित किया गया है। आप ज़रा इसको एक बार देख लीजिएगा, तो आपको समझ में आ जाएगा कि जिन माननीय सदस्यों ने यह प्रस्ताव दिया है, उन माननीय सदस्यों की मानसिकता क्या है।

श्री नरेश अग्रवाल : माननीय संसदीय कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री जी, मेरे ख्याल में आप और राजीव शुक्ल जी कुछ दिन के लिए बैठ जाते, तो शायद ज्यादा अच्छा होता। सदन चलाने की जिम्मेदारी आपकी है। अगर आप ऐसी गैर-जिम्मेदारी की बात करेंगे, तो यह ठीक नहीं है। मैं तो खुद खड़े होकर कह रहा हूँ।

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : यह गैर-जिम्मेदारी नहीं है, यह आपको मालूम है। आप नाम सुन लीजिए। श्री मणि शंकर अय्यर, श्री शान्ताराम नायक **...(व्यवधान)...**

SHRI P. RAJEEVE: Actually, the Parliamentary Affairs Minister has questioned the mindset of the movers. At the beginning, I said in this House itself, and we all mentioned the importance of the Select Committee and the Standing Committee system. So, I request the Government to consider moving a new Motion. We are ready to withdraw the Motion if the Government is ready. At the beginning, we said that.

श्री नरेश अग्रवाल : मैंने कहा कि आप बड़ा दिल दिखाइए, हमारे दिल छोटे नहीं हैं। जब यूपीए सत्ता में थी, तो हम लोगों ने बहुत कहा, फिर उसे झुकना पड़ा। उधर से नेता सदन का प्रस्ताव आया। आप दिल बड़ा करके रखिए, तो ज्यादा अच्छा रहेगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If the Government Motion comes, then, that will get precedence. ...(*Interruptions*)... Mr. Rajeeve, in any case, if the Government Motion comes, then, that will get precedence.

SHRI P. RAJEEVE: The Parliamentary Affairs Minister has questioned the mindset. At the beginning, I said it. If the Government is ready to move a Motion, then, we are ready to withdraw our Motion.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Now, Shri Tapan Kumar Sen.

SHRI TAPAN KUMAR SEN : Sir, I will just take three-and-a-half minutes. Number one, I appreciate and welcome the laudable objective of the Bill, focused

[Shri Tapan Kumar Sen]

at tribal welfare, as explained by hon. Leader of the House, followed by the hon. Minister of Steel and Mines while presenting the Bill or justifying the Bill. Objectives are quite laudable, but arrangement should be there on the lines of the Bill. There is a serious mismatch. Please go into it. Money going to State does not automatically mean going for tribal welfare and the Bill itself should prepare concrete provisions for that and in that direction the Bill needs to be improved. The second point is, I also appreciate, rather stand encouraged by the concern about the labour working in the mines, as explained again by the hon. Leader of the House. Because of the auction, that arrangement is there. The mines which are operating presently, non-coal mines basically, — for coal a separate arrangement is there — many of the mines which are operating will go to change their hands because of auction process. In consistence with your concern for labour, at least keep a provision in the Bill and also in the Coal Mines Bill that even after the change of hand, change of allottee, the workers working there should not change. Then, all these sympathetic talk about labour will sound realistic. Without ensuring that, don't go on speaking like this because I have personal experience. I worked among the mine workers. I know what is what there. That is why a Select Committee is required to make these improvements, not to scrap the Bill. Thereafter we discussed. Why four hours? We can discuss it in more detail and get it passed. But this improvement needs to be made. Without that, this is just purposeless.

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, इस पर विस्तार से चर्चा तो अमेंडमेंट के बाद ही होगी और तभी हम लोग अपना पक्ष भी रखेंगे, लेकिन अभी बिल के स्वरूप के बारे में मैं आपसे यह जरूर कहना चाहूंगा कि यह इम्प्रेशन नहीं होना चाहिए कि हम लोग बिल के विरोध में हैं। अगर यह बिल आदिवासियों के उत्थान के लिए और इस तरह के जो दूसरे क्षेत्र हैं, उनके उत्थान के लिए है और इस बिल से उनका फायदा होगा, तो इसमें हम लोग आपके पक्ष में, इस बिल के पक्ष में रहेंगे। लेकिन जो बात कही गई है, वह शायद बिल में नहीं है। बिल में आप लोगों ने यह कहा है कि हम स्टेट को पैसा दे देंगे। लेकिन वह पैसा आदिवासियों को देंगे, उनके उत्थान के लिए देंगे, उनके लिए फिक्स कर देंगे, किसी और को डिस्ट्रिब्यूट नहीं करेंगे, ये सारी चीज़ें आपने बिल में मेन्शन नहीं की हैं, रेस्ट्रिक्शंस नहीं लगाई हैं, जिससे उन्हीं लोगों को इससे फायदा पहुंचे।

महोदय, इस तरह की जो चीज़ें हैं, उन्हीं की चर्चा के लिए शायद हम लोगों ने यह रिक्वेस्ट की थी कि अगर इसको सेलेक्ट कमेटी में भेजा जाता, तो सेलेक्ट कमेटी में इन सारी चीज़ों के ऊपर विचार किया जा सकता है और इसके अलावा हमारे साथियों ने भी जो बातें कही हैं, वे सब चीजें भी कमेटी में कंसिडर हो सकती हैं।

अभी लीडर ऑफ दि हाउस ने एक बात कही कि दिक्कत यह है कि ऑर्डिनेंस का पीरियड खत्म हो जाएगा, फिर उसके बाद क्या होगा? मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या उसके बाद खानें बन्द हो जाएंगी, लोग अनइम्प्लॉइड हो जाएंगे? ऐसा नहीं है, ऑर्डिनेंस के लिए भी precedents हैं, एक बार

नहीं, चार-चार बार ऑर्डिनेंस हुए हैं। अगर आप इसको सेलेक्ट कमेटी में भेजते हैं और अगर एक बार सेलेक्ट कमेटी में भेजने के लिए डिसीज़न होता है, तो जो लॉ आज ऑर्डिनेंस के रूप में एग्ज़िस्ट कर रहा है, वही एक्सटेंड किया जा सकता है। ऐसा नहीं है कि आपके पास वह पावर नहीं है, आपके पास उसकी पावर है। इसलिए यह एक्सक्यूज़ देकर कि यह ऑर्डिनेंस खत्म हो जाएगा, इसीलिए इसको सेलेक्ट कमेटी में नहीं भेजा जाना चाहिए और इसके प्रावधानों को डिटेल में नहीं देखा जाना चाहिए, यह सही नहीं है। हमारी यह रिक्वेस्ट है और हम लोगों ने यह बात पहले भी कही थी कि इन प्रोविज़ंस को एवं अन्य सारी चीज़ों को देखकर कि इसमें किस तरह बेस्ट से बेस्ट प्रोविज़ंस आ सकते हैं, तभी इस पर कोई निर्णय लिया जाना चाहिए। अभी देरेक जी ने और हमारे पूर्व सदस्यों ने भी कहा, इसमें बहुत सी ऐसी चीजें ऐसी हैं, जो प्वाइंट आउट की जानी हैं और बहुत सी ऐसी खामियां हैं, जिनको दूर करके, जो आदिवासी हैं, जो पिछड़े हुए क्षेत्र हैं, शायद उनको ज्यादा फायदा पहुंच सकता है, यही मेरा कहना है। धन्यवाद।

SHRI V. P. SINGH BADNORE (Rajasthan) : Sir, I stand here to speak on the Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Bill, 2015 and also I will talk not on the merits and demerits above, but even on the Statutory Resolution which is here. I don't want to really discuss the merits and demerits or the provisions of the Bill, because that we can discuss only after passing of this Motion either this way or the other way.

But, Sir, let me come to a larger issue. The larger issue here is the eight Ordinances issued. If they are also going to go through the same line, I don't know what will happen. We are really testing the waters here.

Sir, I would like to talk about the model that we have adopted from the West Minister of the British Parliament. Now, in the sixty years of Parliament history in India, we have never come to a situation that has been created today. People have been talking about the tyranny of the other House and some can talk about the tyranny of this House. But, the larger issue here is this. The real point here is, after adopting this model, whether they also had a situation like what we have today. And, let me tell you, they also had a situation like this and it was on the Financial Bills. The same situation had arisen on Financial Bills, in England, about 200 years ago. And, when that situation had arisen, what did they do? I will come to that a little later. That is why what we have adopted is that the Financial Bills do not go to the Rajya Sabha for their passing. That is what we have adopted from the West Minister model of the British Parliament. Sir, the same situation had happened...(*Interruptions*)...Now, here, we have come to a strange situation. So, what happens now? In the British Parliament they have a system and I don't know when and how we can adopt it, because it is going to be a long process. And, if this happens, the whole country can come to standstill and we will not be able to take up any developmental works. What happened in the British Parliament? Let me come to that. Sir, in the Upper House, they stopped

[Shri V. P. Singh Badnore]

a Bill of the House of Commons. It was referred back to the House of Commons with whatever amendments it wanted. And, they do not have a system like we have *i.e.*, Joint Parliament Session. Then, it came back to the House of Lords and it is circumvented. It was then decided that if it is passed twice in the House of Commons, it does not have to be passed in the House of Lords.

SHRI ANAND SHARMA: The House of Commons is not the Council of the States.

SHRI V.P. SINGH BADNORE: But, we have adopted a system which is very equivalent to that. You can say whatever you want. But, let me say what I want to say. Sir, this is the system that we have got from the British's West Minister model and unless we have something like that, I think, what is going to happen is there is going to be an imbroglio which cannot be sorted out and every Bill cannot go to Select Committee and every Bill cannot be taken all the time to Joint Parliament Session ...(**Time-bell rings**)...Sir, this Bill has already passed through the Standing Committee and the Committee scrutinized the Bill.

This is what I wanted to say, thank you very much.

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय उपसभापति महोदय, प्रजातंत्रीय व्यवस्था में किसी भी विधान की जितनी अधिक चर्चा करायेंगे, उतना ही अच्छा विधान उभर कर सामने आयेगा। **...(व्यवधान)...** इसलिए, यदि यह बिल, जो कि अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जनता से जुड़ा हुआ है, राज्यों के अधिकारों से जुड़ा हुआ है और चूँकि यह Council of States है, इसलिए इसमें हर बिन्दु पर जब तक सेलेक्ट कमेटी के माध्यम से विस्तार से चर्चा न हो जाये, तब तक इसे पास नहीं किया जाना चाहिए। यह हमारा प्रमुख उद्देश्य है, जिसके लिए हमने सेलेक्ट कमेटी की मांग की है।

माननीय उपसभापति महोदय, बार-बार यह कहा जाता है कि हमारी सरकार इतना रुपया auction से लायी। मैं याद दिलाना चाहता हूँ, माननीय उपसभापति महोदय, यह डा. मनमोहन सिंह जी का बयान था कि natural resources should be auctioned. ..(*Interruptions*).. Please listen. It is a fact. Sir, I would like to point out कि 2005 में जब उन्होंने कहा था **...(व्यवधान)...** कृपया सुनिए **...(व्यवधान)...** महोदय, उस समय जब हम लोगों ने auction के लिए मांग की, तो आप ही के भारतीय जनता पार्टी के माननीय मुख्य मंत्रियों ने auction का विरोध किया था। **...(व्यवधान)...** इसलिए किया था क्योंकि उन्होंने कहा था कि यह राज्य की संपत्ति है और मैं इस बात से सहमत हूँ कि इस देश की जितनी भी खनिज संपदा है, वह राज्यों की संपत्ति है, केन्द्र की संपत्ति नहीं है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से लीडर ऑफ दि हाउस, जो कि एक विद्वान वकील भी हैं, मैं उनको याद दिलाना चाहता हूँ कि आप auction का पैसा रोक नहीं सकते। यह केन्द्र सरकार का विवेक नहीं है, यह राज्यों के संवैधानिक अधिकार का प्रश्न है, इसलिए आपका यह

6.00 P.M.

कथन गलत है। ...**(व्यवधान)**... आपका कथन गलत है कि ordinance नहीं आएगा, तो यह पैसा हम वापस नहीं दे पाएंगे। यह संपत्ति राज्यों की है, आपकी राज्यों को यह पैसा देने की संवैधानिक ड्यूटी है। इसको आप रोक नहीं सकते।

माननीय उपसभापति महोदय, दूसरी बात यह है कि माननीय लीडर ऑफ दि हाउस ने फिर * किया। ...**(व्यवधान)**... इन्होंने कहा कि यह आदिवासी क्षेत्रों में जाएगा। नहीं, यह सारा पैसा Consolidated Fund of State में जाएगा और राज्यों को यह अधिकार होगा कि वह इसे आदिवासी क्षेत्र में खर्च करे या नहीं करे।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ कि ये सारी बातें केवल हवाबाजी और * करने के लिए, देश को * करने के लिए की जा रही हैं। हम लोग चर्चा से नहीं घबराते हैं, हम चर्चा कराना चाहते हैं, लेकिन चर्चा कराने से पहले हम हर clause पर, हर बिन्दु पर सेलेक्ट कमेटी में चर्चा कराना चाहते हैं, इसलिए हम सेलेक्ट कमेटी की मांग करते हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: * is unparliamentary and it is expunged. Now, Shri Sukhendu Sekhar Roy.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I have a point of order. The Members from that side have said that I misled the House. Please appoint a committee of the House to look into who is misleading the House. ..*(Interruptions)*..

SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY (West Bengal): Sir, as an ordinary student of law and a new entrant to this august House, the Upper House of our great Parliament, I was wondering whether the discussion should be limited to half-an-hour or one hour because, according to me, this is a major Amendment of the original Act. This House ought to have discussed the matter threadbare. Unfortunately, I am disappointed that so much time has not been given for highlighting the provisions of the Bill, one after another. In any case, since I am duty-bound to abide by the ruling of the Chair, I want to make a few points in addition to the suggestions made by my leader in the House, Shri Derek O'Brien. I would urge upon the Government, at the outset, to consider the concerted suggestions given by Shri Derek O'Brien on behalf of our Party. In addition to that, I would like to point out one particular area of our country, that is, Keonjhar district in the State of Odisha.

All of us know that Keonjhar is a very backward district of our country. Everybody will be amused to know that among the top ten tax-payers of this country, three are from Keonjhar. How could it be? Because those three tax-payers from the Keonjhar district do not belong to that area. But, they are the owners of the mines situated in Keonjhar district. So, this is the tragedy of the mining areas of our country. Sir,

*Expunged as ordered by the Chair.

[Shri Digvijaya Singh]

according to one of the major provisions of the Principal Act, it is incumbent upon the Government that the Central Government should take all such steps, as may be necessary, for conservation and systematic development of minerals in India. What conservation are we doing, Sir? We cannot add one tonne of any mineral to any mine in this country or anywhere in this world. Whatever the natural resources God has gifted to this country, we are owning that. We cannot add anything to that. We are selling out. We are leasing out. We are extracting. We are finishing. We are ruining without thinking about the conservation of the mines to the extent that it is required for the betterment of the country's economy. Sir, what are we leaving for our next generation? One of the major provisions of this Amendment Bill is that, the ownership will be given or the lease will be granted for 50 years, prospectively and retrospectively, without making any assessment. What about the prospective renewal of fifty years? Is there any assessment made by the Government that the lease is granted before the commencement of this Amendment Bill or the Ordinance? Is there any such assessment made whether those people, who have been granted mining lease are acting according to the provisions of the parent Act? There is no such assessment. Therefore, I would urge upon the Government to make an assessment of each and every lease granted to the lessees and to be granted to the lessees. All these lease contracts should be assessed for the betterment of our economy.

Finally, regarding the issue of Trusts, which my friend from Odisha has highlighted, the State Trust and the National Trust, there is no detail about the formation of the Trusts. My humble suggestion to the Government is that the participation of the State should be more, not only in the State Trust, but also in the process of giving allotment, grant of lease, decision making, e-tendering or whatever the Government is doing. In all the decision-making process, the State Governments must be taken into confidence. Lastly, if at all, this Amendment Bill goes to the Select Committee, that Select Committee must decide the Bill within a definite time-frame and as quickly as possible. The House has the authority under the rules to fix a time that the Select Committee make a report before the Committee.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Anil Desai.

SHRI ANIL DESAI (Maharashtra): Sir, I rise to support the Mines and Minerals (Development and Regulation) Amendment Bill, 2015. The NDA Government has taken appropriate steps to promulgate an Ordinance to allocate minerals through auctions. Sir, this Bill...(*Interruptions*)... Sir, let me speak. ...(*Interruptions*)...

श्री नरेश अग्रवाल: उपसभापति महोदय, क्या यह डिस्कशन शुरू हो गया है? **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have said that you will not give names. ...(*Interruptions*)... You all put the names. Why did you speak then? You all gave names and you spoke. Now, you are saying this. ...(*Interruptions*)... Sit down.

श्री नरेश अग्रवाल : उपसभापति जी, आधे घंटे का समय आपने दिया था।.....**(व्यवधान)**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Only one or two names are there. ...(*Interruptions*)... Shri Jairam Ramesh, Shri D. Raja and Shri Javadekar, only three names are there. ...(*Interruptions*)... Only three more names are there. ...(*Interruptions*)... बैठिए। What do you want?

SHRI DEREK O'BRIEN: Sir, take it tomorrow. ...(*Interruptions*)...

श्री अविनाश राय खन्ना : अब कल कराएं, छः बज गए हैं।.....**(व्यवधान)**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: So, what? There is the BAC decision to sit up to 7 p.m. You should know that. ...(*Interruptions*)... सात बजे तक बैठने के लिए You should know that. ...(*Interruptions*)...

श्री नरेश अग्रवाल : अब जो कराना है कल करा लीजिए।....**(व्यवधान)**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is up to you. ...(*Interruptions*)... Okay, Shri Anil Desai.

SHRI ANIL DESAI (Maharashtra): Sir, this Bill is designed to put in place a mechanism for improved transparency in the allocation of the mineral resources, obtaining for the Government its fair share of the value of such resources, attractive private investment and latest technology and eliminating delay in administration so as to enable expeditious and optimum development of the mineral resources of this country, India, which is well endowed in terms of most minerals. However, over the years, the Indian mines and mineral industry is passing through a critical phase by witnessing a negative growth, though mining sector is one of the important sectors in India's economy and contributes around two per cent to its GDP. To address the emerging problems in the mining industry, the Government has promulgated an Ordinance. Although the Mines and Minerals (Development and Regulation) Act, 1957 has been amended several times to bring transparency and high efficiency in the field of mining sector, yet several scams were witnessed. In the last few years, the number of new mining leases granted in the country have fallen substantially. Alongside, second and subsequent renewals have also been affected by the court judgements, which led to dependence on import of coal. ...(*Interruptions*)... The present Bill brings in...

श्री नरेश अग्रवाल : माननीय उपसभापति महोदय, अगर आप चार घंटे का डिस्कशन करा रहे हैं तो हमारी पार्टी को भी 20 मिनट मिलने चाहिए।**...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Only three more speakers are there. ...(*Interruptions*)... Only three more speakers are there. Sit down. ...(*Interruptions*)... Only three more speakers are there. ...(*Interruptions*)...

हमेशा टाइम एक्सटेंड कर सकते हैं। **...(व्यवधान)...**

एक माननीय सदस्य : यह क्या तरीका है? **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It always happens in the House. We always take more time than that is allotted. ...(*Interruptions*)... We have only three more speakers. It always happens.

श्री नरेश अग्रवाल : हमारी पार्टी को कितना टाइम मिला?**...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You only gave names. ...(*Interruptions*)... I have not taken any minute. You only gave names, and only spoke. And, now you are saying this. ...(*Interruptions*)... Sit down; sit down.

श्री तरुण विजय : ये सदन में **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : आप लोग बैठिए। **...(व्यवधान)...** नरेश जी, **...(व्यवधान)...**

SHRI TARUN VIJAY: How can he disturb the hon. Member? जब मर्जी आती है खड़े हो जाते हैं। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nareshji, I want to make it clear. See, now always this House, in any discussion, has taken more time than that is allotted. And, today, I have not taken a single minute. You all gave names, knowing that it is this. Then, what did I do? So, I only allowed you.

SHRI P. RAJEEVE: Sir, it was only half-an-hour. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I asked you to see the board. ...(*Interruptions*)... How many minutes you took? Now, sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI P. RAJEEVE: That is not correct. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am not allowing. ...(*Interruptions*)... You gave all the names and spoke, and now you are preventing others. ...(*Interruptions*)... Now, Shri Anil Desai to speak.

SHRI P. RAJEEVE: That is not correct. That is showing four hours' discussion. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay; it always happens. What is the problem today then? ...(*Interruptions*)... Then, why did you field your name? Why did you field so many names?

SHRI ANIL DESAI: The Bill also proposes to set up a National Mineral Trust created out of contribution from mining leaseholders in order to have a dedicated fund encouraging exploration in the country. So, I would urge upon the hon. Minister to focus his attention on mineral exploration in Maharashtra which is endowed with a lot of minerals. This would provide employment to the youth in our State. Recently, the Government has opened bidding for the initial 21 coalmines. I am happy to note that the offers have already crossed eighty thousand crores. The bulk of it will be going to six key coal bearing States of Madhya Pradesh, Chhattisgarh, West Bengal, Odisha, Jharkhand and my State, Maharashtra. The rest of the money will come as royalty over the lifetime to these mines, so the States need funds. This money will come to States as booster to undertake welfare measures for the people especially the health of the mine labourers who are prone to all kinds of health hazards. This kind of fund should also take care of their basic amenities and overall standards of living. When CAG pointed out that the Government had lost huge revenue on account of allotting coal blocks according to whims and fancies of the UPA Government, my friends in the Opposition had criticised and ridiculed him. When the bids are received of more than eighty thousand crores, I think, the CAG has proved itself. It is a progressive Bill and I support it wholeheartedly. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Jairam Ramesh. ...(*Interruptions*)...

DR. CHANDAN MITRA (Madhya Pradesh): No, Sir. ...(*Interruptions*)... Time is over. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Chandan Mitra, the BAC has decided it on 26th — I checked up that — that the House may sit up to 7.00 p.m. It is already decided. ...(*Interruptions*)...

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Sir, we abide by the direction you are giving. But the same BAC has also decided that the debate will be for four hours. Therefore, it cannot be selective for one part. ...(*Interruptions*)... The time was four hours. ...(*Interruptions*)... All of us want to speak. ...(*Interruptions*)... Give them full time. ...(*Interruptions*)...

SOME HON. MEMBERS: Tomorrow. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: I would make one thing clear, Sir, that what Ravi Shankar Prasadji has said is that the time allotted was for all the parties. BJP's time

[Shri Anand Sharma]

was 40 minutes. ...(*Interruptions*)... The rest was our time. What is their objection to that? ...(*Interruptions*)... You take your time. ...(*Interruptions*)... You cannot tell me, you cannot dictate to me. ...(*Interruptions*)... It is our decision not to take our time. ...(*Interruptions*)... It is our problem. ...(*Interruptions*)... Don't tell us about our time. ...(*Interruptions*)...

SOME HON. MEMBERS: Tomorrow. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नकवी : आप बोलना चाहते हैं, बोलिए। **...(व्यवधान)...**

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री, कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पीयूष गोयल) : आपके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have allowed Jairam Ramesh. ...(*Interruptions*)... Listen to Mr. Jairam Ramesh. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): Mr. Deputy Chairman, I wish to make only one point that the UPA Government also.. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नकवी : सर, मिनिस्टर को reply के लिए एक घंटा **...(व्यवधान)...** अभी इस पर डिस्कसन के लिए 4 घंटे और चाहिए **...(व्यवधान)...**

एक माननीय सदस्य : जयराम रमेश जी, आपको हम कल सुनना चाहेंगे **...(व्यवधान)...**

SHRI JAIRAM RAMESH: The idea of laying a foundation, in this draft of the Bill, has come from the UPA version of the amendment. ...(*Interruptions*)... But, I want to say that the UPA version of the Bill not only did it...(*Interruptions*)... Almost 200 crores of rupees...(*Interruptions*)... It would be in the fitness of the things to send it to the Select Committee. ...(*Interruptions*)...

SHRI D. RAJA : Thank you, Sir. ...(*Interruptions*)... In fact, I...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please do not disturb. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... Please listen. ...(*Interruptions*)... I have told you that the BAC has decided to sit up to 7.00 p.m. ...(*Interruptions*)...

SHRI D. RAJA: Sir, when I brought the Statutory Resolution against the Ordinance, my purpose was that the Government should...(*Interruptions*)... I would like to tell the hon. Leader of the House and the Government that the Left parties are second to none in fighting for the development of the nation. ...(*Interruptions*)... The Left parties are second to none in defending the rights of the tribal people and

the poor people. ...(*Interruptions*)... But, this Bill is...(*Interruptions*)... Sir, let me finish. ...(*Interruptions*)... There is a serious amendment. ...(*Interruptions*)... I am not getting into generalities. ...(*Interruptions*)... Sir, there is a serious amendment. ...(*Interruptions*)... In the name of development...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay; okay. ...(*Interruptions*)... Shri Javadekar. ...(*Interruptions*)... That's enough. ...(*Interruptions*)... Shri Javadekar. ...(*Interruptions*)...

SHRI D. RAJA: The Government should allow ...(*Interruptions*)... This will lead to eviction of tribal people and the poor people. ...(*Interruptions*)... This is a very serious thing. ...(*Interruptions*)... That is why the legislation will have to be scrutinized. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Javadekar, are you speaking? ...(*Interruptions*)...

SHRI D. RAJA: I say that this Bill should be referred to the Select Committee. ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर: उपसभापति महोदय, **...(व्यवधान)...** मैं इस हाउस का मेम्बर हूँ। **...(व्यवधान)...**

[उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) *पीठासीन हुए*]

प्लीज, मैं बोल रहा हूँ, मुझे बोलने दें। **...(व्यवधान)...** मैं बोल रहा हूँ, मुझे बोलने दें। **...(व्यवधान)...** मैं तो ऐसे बीच में नहीं बोलता। **...(व्यवधान)...**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): The House is adjourned for ten minutes.

The House then adjourned at twenty minutes past six of the clock.

The House reassembled at thirty minutes past six of the clock,
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, now, ...

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, ...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Do you want to say something?

SHRI ARUN JAITLEY: Yes, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, okay. Please.

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, I am extremely sorry. In the midst of some disturbances, the hon. Member, Mr. Jairam Ramesh, was making a point; and he referred to the 2011 Bill, which he said, the UPA Government had prepared. In fact, I have checked up the facts. In 2006, the Planning Commission had appointed the Anwarul Hoda Committee which went into the whole process of how minerals should be allocated in the country. A 2011 Bill was prepared during the UPA. That Bill – this is only a piece of information and I am partly corroborating what Mr. Jairam Ramesh is saying -- was referred to the Standing Committee. That Bill had a provision for auctions. It also had a provision with regard to first-come-first-serve. Both these provisions were there. Now there was a little bit of confusion as to who would decide when to auction and when to have first-come-first-serve. That Bill went to the Standing Committee. The Standing Committee in the later part of the year 2013 submitted a Report. By that time we were very close to the elections. So, every provision of this present Bill or the Ordinance is what was already a part and substantially had been cleared with the only difference that that alternative option between 'auction' and 'first-come-first-serve' has been eliminated and now you have only 'auction.' That is the only real change. This Bill has already, in its earlier avatar, gone through the Standing Committee once. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: So, the tribal welfare provision which you are claiming is present in the previous one or not.

SHRI ARUN JAITLEY: Therefore, I expect you not to oppose those provisions, and that is the reason that if one is to obstruct merely because it is now we have changed sides, it is a different issue. The fact is that these provisions have been cleared almost entirely. I am saying 'almost entirely' because there is a marginal change. There is no longer a ...

SHRI DEREK O'BRIEN: Closer of mines is missing in this one.

SHRI ARUN JAITLEY: We can deal with that. Now, this Bill has been substantially cleared by the Standing Committee ...(Interruption)... and therefore it is for the hon. House to consider whether any purpose will be served in again sending it to a Committee itself.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Mr. Javadekar.

श्री प्रकाश जावडेकर: मुझे लगा कि नेता सदन के कहने के बाद आप उसको रिस्पॉन्ड करेंगे कि हम भी तैयार हैं और फिर इस लाँग स्टोरी को शॉर्ट करेंगे, क्योंकि "ना-ना करते चर्चा तो आप कर ही बैठे।" तो चर्चा पूरी क्यों नहीं करते हैं? पूरी चर्चा होती, क्योंकि यह हाउस है डिबेट का, "वादे-वादे जायते तत्वबोधः" और हमारी संसद में यह लिखा है — Discuss, Debate, Decide.

यह रास्ता है डेमोक्रेसी का। आप उसको रोक क्यों रहे हैं? आप जब सत्ता में थे, तब हम कहते थे कि आप चर्चा से भाग क्यों रहे हैं? लेकिन आप विपक्ष में आने के बाद भी आप चर्चा से भाग रहे हैं, यह तो अजीब कहानी हो गई! ...**(व्यवधान)**... अब हमारे मित्र, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्य मंत्री, जो काग्रेस के एक वरिष्ठ नेता हैं, उन्होंने कहा कि मनमोहन जी चाहते थे कि ऑक्शन करें। तो हमने तो नहीं रोका ना ! हमने नहीं रोका, आपने रोका। ...**(व्यवधान)**... आपने रोका और आपने होने नहीं दिया। मनमोहन जी बहुत कुछ करना चाहते थे, लेकिन आपने करने नहीं दिया। आपने उनकी हालत ऐसी की कि एक विद्वान अर्थशास्त्री प्रधान मंत्री को सीबीआई को जवाब देने को लगाया। यह आपने किया, हमने नहीं किया। यह बिल क्या करता है? यह खदानों के आवंटन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाता है। अब आप किसका विरोध कर रहे हैं? पारदर्शिता का? आपको क्या चाहिए? सर, चिट्ठी से खदानें बंटती थी या रुकती थीं।

एक माननीय सदस्य : चिट से।

श्री प्रकाश जावडेकर : चिट्ठी से..**(व्यवधान)**.. ये लोग "चिरकुट" से बोल रहे हैं। ऐसा है, चिट्ठी आयी है, आती है, आती थी और खदानें बंटती थीं। यह मैं नहीं कह रहा हूं। हमारे विभाग की पूर्व मंत्री थीं, उन्होंने ही बताया। अब क्या करें! पूरा पत्र लिखकर आपको बताया। वे आपकी ही पार्टी की थीं। उन्होंने बताया कि कैसे रुकते थे और कैसे होते थे।

श्री नरेश अग्रवाल : आपने वह सीखा तो नहीं..**(व्यवधान)**..

श्री प्रकाश जावडेकर : नहीं। कुछ नहीं सीखा। बिल्कुल नहीं सीखेंगे। हम कुछ कर गुज़रने का संकल्प लेकर आए हैं। हम देश का नक्शा बदलेंगे, अच्छा करेंगे, बुरा नहीं करेंगे।

श्री नीरज शेखर (उत्तर प्रदेश): नक्शा मत बदलिए..**(व्यवधान)**..

श्री प्रकाश जावडेकर : नक्शा मतलब भ्रष्टाचार का नक्शा बदलेंगे, भ्रष्टाचार की सूरत बदलेंगे। यह है। ..**(व्यवधान)**.. जनता समझ रही है ..**(व्यवधान)**..जनता समझ रही है क्योंकि आपके समय में जो पारदर्शिता आपने नहीं लाने दी, हम उसे तुरंत ला रहे हैं। लोग फर्क समझ रहे हैं। कोल में, मिनरल्स में - टेलीकॉम में 94,000 करोड़ आज तक स्पेक्ट्रम में आए हैं, और भी आएंगे। आप कहते थे कि आए नहीं, सीएजी ने लॉस कर दिया, इसलिए सारे देश में हवा खराब हो गयी और हमें रिज़र्व प्राइस नीचे लानी पड़ेगी क्योंकि अभी स्पेक्ट्रम का कोई खरीदार नहीं आ रहा है। लेकिन खरीदार आए, और भी आएंगे। अब जैसे कहा कि 32 खदानों में दो लाख करोड़ आए। अगर पूरी 200 खदानें होंगीं तो कितने करोड़ आएंगे? वह राज्यों को मिलेंगे। आप लोग किसका विरोध कर रहे हैं? राज्यों को देने का विरोध कर रहे हैं? यह राज्यों के खजाने में जाएगा, किसी की पॉकेट में नहीं जाएगा। यह मुद्दा निश्चित है, यह फर्क है। यह किसी की जेब में नहीं जाएगा। मुझे बताइए ..**(व्यवधान)**..मैं वही बता रहा हूं। आपका दुख यही है कि यह अब चिट्ठी से नहीं होगा, discretion से नहीं होगा। आप मुझे बताइए कि इतना बड़ा कोयले का भंडार, 140 निजी कम्पनियों को 1700 करोड़ टन का कोयले का भंडार आपने मुफ्त में दिया। आपके राज में राशन कार्ड मुफ्त में नहीं मिलता था, वहां इतनी खदानें कैसे मुफ्त में मिलेंगी? वह पैसा कहां गया? पैसा किसने दिया, किसको दिया, क्या हुआ, किसी को तो जानना चाहिए। हम यह सिस्टम ही खत्म कर रहे हैं, ऑक्शन कर रहे हैं। अब इसका क्या विरोध

[श्री प्रकाश जावडेकर]

करेंगे? कोई सजेशन है, अच्छा सजेशन है तो बताइए। मंत्री जी ने पहले ही कहा..**(व्यवधान)**.. लेकिन आपको चाहिए..**(व्यवधान)**.. अगर लोग देखेंगे कि दस साल में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे और आपने कहा कि प्रधान मंत्री जी चाहते थे कि ऑक्शन हो लेकिन उन्हें ऑक्शन नहीं करने दिया, यह आपने किया तो लोग फर्क समझेंगे। कौन ऐसा नहीं करने दे रहा था? कहां से चिट्ठी आती थी? यही तो लोग पूछेंगे?..**(व्यवधान)**..

श्री नरेश अग्रवाल : कहां से आती थी?

श्री प्रकाश जावडेकर : चिट्ठी कहां से आती थी..**(व्यवधान)**..

श्री नरेश अग्रवाल : कहां से आती थी, आप नाम बताइए।

श्री प्रकाश जावडेकर : वह तो उनकी मंत्री थीं, हमारे सदन की सदस्या थीं और उन्होंने सब बता दिया। अब क्या करोगे? मुझे आश्चर्य हो रहा है कि चर्चा से हट रहे हैं। आप हमेशा क्या मांगते हैं कि 4 घंटे नहीं, 6 घंटे चाहिए, 8 घंटे चाहिए और बोलते भी हैं। तो अच्छा है, यह चर्चा का मंच है, लेकिन अब आप चर्चा से गायब हैं। एक नेता संसद से गायब हैं, आप चर्चा से गायब हैं! यह क्या हो रहा है?.. **(व्यवधान)**.. इससे मिला पैसा राज्यों को जाएगा।

श्रीमती रेणुका चौधरी (आन्ध्र प्रदेश): एक देश से गायब हैं।

श्री प्रकाश जावडेकर : देश से नहीं, एक नेता संसद से गायब हैं। कहां हैं, आपको भी पता नहीं है। आप ढूंढ़ते रहिए, ढूंढ़ते रहिए। ..**(व्यवधान)**..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Why do you disturb? ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : इससे मिला पैसा राज्यों को जाएगा, आदिवासियों को जाएगा, उनके कल्याण में लगेगा। इसका आपको दुख है, आप इसका विरोध कर रहे हैं!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please keep quiet. Mr. Javadekar, take only five more minutes.

श्री प्रकाश जावडेकर : सर, मैं समाप्त कर रहा हूं। I am concluding, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Take only five more minutes. I have to put it to vote.

श्री प्रकाश जावडेकर : मैं मिनिस्टर हूं, लेकिन मैं इस हाउस का मेम्बर भी हूं। सर, मैं इस सदन का सदस्य हूं। आप मेरे राइट्स की रक्षा करिए। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You may take five more minutes. ..(*Interruptions*)... I can stop the Minister also!

श्री प्रकाश जावडेकर: मैंने वही बताया। ...**(व्यवधान)**... आप तरक्की को रोक रहे हैं। आप यह मत समझो कि जनता नहीं समझती। जनता सब समझती है। जनता ने लोक सभा के चुनाव में ...**(व्यवधान)**... दिल्ली को भी आप देखते रहिए। ...**(व्यवधान)**... दिल्ली में आप कहां हो? आप ढूंढ़ने पर मिल नहीं रहे हो। आपके 24 परसेंट वोट थे, अब 9 परसेंट भी नहीं रहे। आप क्या बात कर रहे हो? ...**(व्यवधान)**...

श्री अविनाश राय खन्ना: अपनी कहानी सुन लो। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रकाश जावडेकर: अगर लोगों ने वहां से हटाया है, तो यहां से भी विदाई निश्चित है, यह आप समझ लीजिए। ...**(व्यवधान)**... आपने क्या-क्या नहीं कहा? आपने जीरो लॉस की बात कही और जीरो लॉस में ऐसे तर्क दिए। आपके पहले वित्त मंत्री थे, वे कह रहे थे मदर अर्थ और वहां पड़ी हुई सारी खदानें और उनमें पड़ा कोयला, वे एक नई philosophy दे रहे थे, ...**(समय की घंटी)**... सर, पूरा कोयला विदेश से, 20 बिलियन डॉलर्स, एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये हर साल कोयले के लिए उन्होंने दिए। ...**(समय की घंटी)**...यह देश पर अन्याय था। ...**(समय की घंटी)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Please conclude. ..*(Interruptions)*...

श्री प्रकाश जावडेकर: हम एक पारदर्शी तरीके से कर रहे हैं, उसका आप विरोध कर रहे हैं? आप जनता को दिए अधिकारों का विरोध कर रहे हैं, आप आदिवासियों का विरोध कर रहे हैं। ...**(व्यवधान)**... आप भ्रष्टाचार का समर्थन कर रहे हैं। भ्रष्टाचार की व्यवस्था पुनः स्थापित हो, आप इसके लिए प्रयत्नशील हैं। इसके लिए देश की जनता इतनी निन्दा करेगी कि आप देखते रह जाएंगे। ...**(समय की घंटी)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude. ..*(Interruptions)*...

श्री प्रकाश जावडेकर: मैं अभी भी कहता हूं कि ...**(समय की घंटी)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Javadekar, please conclude. ..*(Interruptions)*...

श्री प्रकाश जावडेकर: पी. राजीव विद्ड्रा करने के लिए तैयार हैं। मैं आपकी conscience को आह्वान करता हूं कि आप इसको विद्ड्रा कर लीजिए और एक बार को कम्युनिस्ट दिखा देंगे कि हम रोकेंगे नहीं, हम रोड़ा नहीं बनेंगे, हम तरक्की के साथ ही रहेंगे, इतना तो करो। ऐसा करने से आपकी इमेज भी बदल जाएगी। आप काम करो। ...**(व्यवधान)**... श्री दिग्विजय जी ने जो कहा है, वह बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे तो लगता है कि अब डा. मनमोहन सिंह जी को बोलना चाहिए क्योंकि डा. मनमोहन सिंह जी के लिए सबके मन में आदर है।...**(समय की घंटी)**... वे भी चाहते थे कि auction होना चाहिए। ...**(समय की घंटी)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Javadekar, please conclude. ..*(Interruptions)*...

श्री प्रकाश जावडेकर: सर, मेरा आखिरी प्वाइंट है कि जो आपके प्रधान मंत्री थे, वे auction करना चाहते थे। उस समय आपने करने नहीं दिया और अब भी करने नहीं दे रहे हो। ...**(व्यवधान)**... यह तो हद हो गई। ...**(समय की घंटी)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Javadekar, please conclude. ..(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर: क्या हुआ ? **...(व्यवधान)...** क्या हुआ ? **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. ..(*Interruptions*)... Mr. Javadekar, please conclude. ..(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर: जयन्ती जी के प्रश्नों का जवाब आपने कभी नहीं दिया। **...(व्यवधान)...** इन्होंने पूर्व मंत्री के प्रश्नों का जवाब ही नहीं दिया। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ravi Shankar Prasad; take only five minutes. ..(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर: चिट्ठियां कहां से आती थीं, किस ऑफिस से चिट्ठियां आती थीं। **...(व्यवधान)...**कैसे प्रोजेक्ट्स रोके? ***...(समय की घंटी)...*** देश की तरक्की रोकना सत्ताधारियों का काम नहीं होता, विपक्ष के लोगों का भी नहीं होता। जनता ने हमें इसलिए नहीं भेजा। **...(समय की घंटी)...**आपने उनका सपना अपने समय में भी पूरा नहीं होने दिया और अब भी पूरा नहीं होने देना चाहते हैं। यह आपका नया पाप है और लोग देख रहे हैं कि आप जो कर रहे हो, वह गलत है। वह जनता के विरोध में है, देशहित के विरोध में है। **...(व्यवधान)...** इसलिए निश्चित रूप से **...(व्यवधान)...** क्यों नहीं बोलेंगे? हम बोलेंगे। **...(समय की घंटी)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Minister, I have to dispose it of before 7.00 p.m. ...(*Interruptions*)...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, what can I do? ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You please sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: I have to express my views. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. That is all. ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : सर, देरेक ओब्राईन ने एक मुद्दा उठाया है, जो मेरे विभाग से संबंधित है। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Javadekar, please don't do that. ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : सर, देरेक ओब्राईन ने closure of mines का मुद्दा उठाया। **...(व्यवधान)...** इस प्रश्न की गंभीरता को देखते हुए, हम उस पर ऐसा काम कर रहे हैं **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now you take your seat. ...(*Interruptions*)... Now, you please take your seat....(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : इससे न पर्यावरण की हानि होगी, न भावी पीढ़ी को पर्यावरण के ऐसे विनाश का सामना करना पड़ेगा, **...(व्यवधान)..** नई टेक्नोलॉजी आई है।... **...(व्यवधान)...** मैं जानकारी देना चाहता हूं। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have to dispose it of before 7.00 p.m. unless we extend the time. Unless we extend the time...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : उन्होंने सवाल उठाया है, **...(व्यवधान)...** यह मेरे विभाग से संबंधित है। **...(व्यवधान)...** मैं वही बता रहा हूं। **...(व्यवधान)...** आज ऐसा हुआ **...(व्यवधान)...** सर, आज दुनिया में चर्चा का एक ही विषय है। **...(व्यवधान)...** पर्यावरण का विनाश क्या होता है? **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Javadekar, please. ...(*Interruptions*)... It is unfair. A Minister cannot do this. ...(*Interruptions*)... A Minister cannot do this. It is unfair. ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : खदानों की नई टेक्नोलॉजी है। **...(व्यवधान)..** ऊपर से पेड़ नहीं काटने पड़ेंगे। **...(व्यवधान)...** the closure of mines का ऐसा विषय नहीं आएगा। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: A Minister should not do this. ...(*Interruptions*)... It is unfair. ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : अगर पर्यावरण और चिंता और विकास दोनों साथ-साथ **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: These are dilatory tactics. ...(*Interruptions*)... Dilatory tactics are not good. ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर: सर, हमारा नारा है, development without ...(*Interruptions*)... हमारा नारा है, पर्यावरण की रक्षा और विकास, दोनों साथ-साथ। **...(व्यवधान)...** अगर यह करना है, तो इसके लिए जो उन्होंने सुझाव दिया **....(व्यवधान)...** हम उसको करना चाहते हैं। **...(व्यवधान)..** आप मेरे भाषण **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Ravi Shankar Prasad ji, if he does not... ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, there is a point of order. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. There is a point of order. ...(*Interruptions*)... There is a point of order. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: Mr. Deputy Chairman, I am on a point of order. ...(*Interruptions*)...

SHRI PIYUSH GOYAL (Maharastra): How can he bring in a point of order? ...(*Interruptions*)... He is speaking. He is on his legs. ...(*Interruptions*)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: The Minister is not obeying the Chair. ...(*Interruptions*)... If the Minister is not obeying the Chair, what can I do?

SHRI PIYUSH GOYAL: He is responding to the Member's query. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I am on a point of order. ...(*Interruptions*)... Sir, you had said that he is the last speaker. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I want to dispose it of before 7.00 p.m. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: Mr. Deputy Chairman, Sir, you said that he is the last speaker. There cannot be any other speaker. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This has to be disposed of before 7.00 p.m. So, you sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI MUKHTAR ABBAS NAQVI: Let him complete. ...(*Interruptions*)... Let us... ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Then, move the motion for taking it up tomorrow. I have no problem. ...(*Interruptions*)... Then, you move the motion for that. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : जावडेकर जी इस हाउस के मेम्बर हैं। **...(व्यवधान)...** उसके बाद मिनिस्टर का भी reply होगा। मंत्री जी कुछ कहना चाहेंगे। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The scope of the discussion is only this amendment. ...(*Interruptions*)... For that, the Minister's reply is... ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : मंत्री जी जवाब देंगे और उनका जवाब सुनना पड़ेगा। **....(व्यवधान)..** आप समय बढ़ाइए। **....(व्यवधान)...** हाउस दस-ग्यारह बजे तक चले, कोई दिक्कत नहीं है।**...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The scope of the discussion is only this amendment. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : लेकिन मंत्री जी बोलेंगे। अभी हमारे बाकी चार सदस्य बोलने वाले हैं। **...(व्यवधान)...**

श्री उपसभापति : मंत्री जी का reply बाद में। ...**(व्यवधान)**...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : कुछ मेम्बर बोलना चाहते हैं। सर, आप हाउस का टाइम बढ़ाइए, टाइम मत रोकिए, बारह बजे या एक बजे तक हो, हमें कोई चिंता नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

SHRI TAPAN KUMAR SEN: Today is not the last day of the Parliament, Sir. ...(*Interruptions*)...

श्री अविनाश राय खन्ना : सर, हम काम करना चाहते हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री प्रकाश जावडेकर : सर, हमें घर जाने की चिंता नहीं है। ...**(व्यवधान)**...एक बार सदन में 12 बजे तक चर्चा हुई थी और हम आगे भी लोकपाल के लिए चर्चा करना चाहते थे, लेकिन आज 7 बजे जाने की क्या जल्दी है? भाई, आप सबको खाना मिलेगा।...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am sorry, I am helpless. If the Members are not... ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : यहां भोजन का प्रबंध करेंगे, इसका प्रबंध पार्लियामेंटरी अफेयर मिनिस्टर करते हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Javadekar, I have to dispose of this motion. Please take your seat. ...(*Interruptions*)...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Yes, Sir, that is why, I am saying this. ...(*Interruptions*)... सर, मेरा अभी शुरू हुआ है। ...**(व्यवधान)**...एक-एक राज्य का भी बताना है। ...**(व्यवधान)**... क्या आपको पता है ...**(व्यवधान)**... क्या आपको पता है कि ओडिशा को एक लाख करोड़ रुपए मिलेंगे? ...**(व्यवधान)**... ओडिशा को एक लाख करोड़ रुपए मिलेंगे। ...**(व्यवधान)**... डेढ़ लाख करोड़ रुपए मिलेंगे। ...**(व्यवधान)**... इतना पैसा मिलेगा! ...**(व्यवधान)**... आपकी सरकार ने कुछ नहीं किया। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, Mr. Ravi Shankar Prasad, take five minutes and then I will put the Motion to vote. ..(*Interruptions*).. Mr. Ravi Shankar Prasad, you have five minutes and then I will put the Motion to vote. ..(*Interruptions*)..

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : हमारे कई सदस्य बोलने के लिए रह गए हैं। ...**(व्यवधान)**... कई सदस्य अभी बोलने के लिए रह गए हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have to put the Motion to vote. ..(*Interruptions*)..

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : सर, उनके अधिकारों की रक्षा करना आपके ऊपर है। न केवल हमारी पार्टी के, बल्कि अन्य माननीय सदस्य भी इस पर बोलना चाहते हैं। इसलिए अगर सदन एक बजे तक चले, तो हम बैठने के लिए तैयार हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Naqvi, do you want to extend the time? If the House agrees, I have no problem. ...(*Interruptions*)...

SOME HON. MEMBERS: No. ...(*Interruptions*)... No. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : सर, जब तक सदस्यों की बात पूरी नहीं हो जाती, तब तक हाउस चले। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House does not agree. ...(*Interruptions*)... There is no consensus. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी : माननीय मंत्री जी उस पर रिप्लाई देंगे। माननीय मंत्री का रिप्लाई होगा, दो-तीन घंटे रुकना पड़ेगा। **...(व्यवधान)...** जिस तरह से उन्होंने अपनी बात रखी है, तो सुनना पड़ेगा। **...(व्यवधान)...** जो आपने कहा है, उसको सुनना पड़ेगा। **...(व्यवधान)...** आप सब लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं, उसका जवाब सुनना पड़ेगा। **...(व्यवधान)...** आप आदिवासियों **(समय की घंटी)** और कमजोर तबकों के साथ क्या कर रहे हैं, उस पर भी सुनना पड़ेगा। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How many minutes do you want? ...(*Interruptions*)...

SHRI GHULAM NABI AZAD: Indicate the time. ...(*Interruptions*)... It cannot be unlimited. ...(*Interruptions*)... Sir, there cannot be unlimited time. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: All right. ...(*Interruptions*)... Mr. Naqvi, all right. ...(*Interruptions*)... Now, please. ...(*Interruptions*)... Please, let me say. ...(*Interruptions*)... You are Treasury Benches, let me say. ...(*Interruptions*)... Mr. Javadekar ...(*Interruptions*)...

श्री प्रकाश जावडेकर : सर, यह मेरा आखिरी मुद्दा है, लास्ट प्वाइंट है। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Even if you are a Minister, I can take action against you, remember that. ...(*Interruptions*)...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, one last point. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, one last point. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is wrong with you? ...(*Interruptions*)... Sit down. ...(*Interruptions*)... Mr. Javadekar, ...(*Interruptions*)... See, these dilatory tactics are not good.

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: No, Sir, we are not doing. ...(*Interruptions*)... You tell them. ...(*Interruptions*)... You tell them. ...(*Interruptions*)...

SHRI PIYUSH GOYAL: We have to respond to the Members. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let me say. ...(*Interruptions*)... Listen. ...(*Interruptions*)... Actually, both sides have spoken. I had said only half an hour, but we have taken much more time. Now, I have to dispose of this Motion. Before that, if, I have no objection, Mr. Ravi Shankar Prasad wants to speak and if the Minister also wants to speak, they can speak. But the time should be mentioned. This way I cannot allow. How much time the Minister wants, tell me. Half-an-hour? ...(*Interruptions*)... No, no. ...(*Interruptions*)...

एक माननीय सदस्य : माननीय उपसभापति जी, कम-से-कम तीन घंटे समय और बढ़ा दीजिए, तभी काम होगा। **...(व्यवधान)...**

MR. CHAIRMAN: Half-an-hour, I said. ...(*Interruptions*)... Then we will vote. ...(*Interruptions*)... The Minister wants to speak, okay. ...(*Interruptions*)... The LoP is ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, this has to be disposed of today. ...(*Interruptions*)... This has to be disposed of today. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes; that is what I am saying. ...(*Interruptions*)... I told this. ...(*Interruptions*)... The hon. LoP himself said that whatever time will be taken by the Minister should be known. So, I have decided ...(*Interruptions*)... I have decided that the Minister will also ...(*Interruptions*)...

श्री नरेश अग्रवाल : सर, बिल पर चर्चा नहीं हुई है। **...(व्यवधान)...** ये किस मोशन पर वोट कराएँगे? **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please; the House is supreme. If the Minister wants, he will also reply, ...(*Interruptions*)... but not for more than half an hour. After that, I will put the Motion to vote. ...(*Interruptions*)...

SHRI GHULAM NABI AZAD: Sir, let the speakers finish. After that, we have to dispose of the amendments. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; if the Minister wants, I have to allow. ...(*Interruptions*)...

SHRI GHULAM NABI AZAD: I think that was the understanding. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If the Minister wants, I have to allow. But Mr. Javadekar, nothing will go on record. ...(*Interruptions*)...

SHRI PRAKASH JAVADEKAR: Sir, last five minutes. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. ...(*Interruptions*)... Now, only Mr. Tomar, the Minister, he can take maximum thirty minutes. After that, I will put the Motion to vote. ...(*Interruptions*)...

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Sir, I also want to speak.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You also want five minutes? Okay, you take five minutes and then the Minister will have thirty minutes. Fine? ...(*Interruptions*)... That's all. It is already very late. ...(*Interruptions*)... Excuse me, it is already very late. ...(*Interruptions*)... You take five minutes; Mr. Tomar will take thirty minutes. After that, the Motion will be put to vote. ...(*Interruptions*)..

DR. CHANDAN MITRA (Madhya Pradesh): Sir, I have also given my name. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; your party's time is over. ...(*Interruptions*)...

DR. CHANDAN MITRA: Sir, I also ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sit down. ...(*Interruptions*)... No; don't do this. ...(*Interruptions*)... Don't do this. ...(*Interruptions*)... I cannot go by this. ...(*Interruptions*)... Sit down. ...(*Interruptions*)... No, please. ...(*Interruptions*)...

I have given my decision. Five minutes. ...(*Interruptions*)... I have given my decision. Five minutes for Mr. Ravi Shankar Prasad. Maximum thirty minutes for the Minister. Then the Motion will be put to vote. Sit down. ...(*Interruptions*)... No change from that. ...(*Interruptions*)... Okay, Shri Ravi Shankar Prasad.

श्री रवि शंकर प्रसाद : सर, मैं केन्द्र सरकार का मंत्री हूं, लेकिन इसके साथ ही साथ मैं इस हाउस का सदस्य भी हूं और सदस्य के रूप में मेरे भी कुछ अधिकार तो बनते हैं। आपने मुझे अपनी बात कहने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका कृतज्ञ हूं।

माननीय उपसभापति जी, जब हमारे मित्र इस पूरे कानून का विरोध कर रहे हैं कि यह सेलेक्ट कमेटी में जाए, तो मुझे थोड़ा आश्चर्य हो रहा है। यह जो कानून है, यह कानून तो उन्हीं का था और स्टैंडिंग कमेटी से एप्रूव्ड था। उसी कानून में ऑर्डिनेंस के माध्यम से हमने कुछ परिवर्तन किया है। लेकिन अभी जिस ईमानदारी से हम लोग काम कर रहे हैं, इस बात को सभी जानते हैं। पीयूष गोयल जी के विभाग में सिर्फ 32 कोल माइन्स नीलाम होती हैं, जिनसे 2 लाख 7,000 करोड़ रुपया आता है और कंज्यूमर्स को 97,000 करोड़ रुपये का बिजली का बैनिफिट मिलता है। इसका क्या मतलब है? आपके समय में भी कोयला सैटलमेंट हुआ था। कहां से चिट चलती थी, क्या चलती थी, नहीं मालूम। सीएजी ने 1 लाख 86 हजार करोड़ रुपये का कहा था। अगर 204 माइन्स में से सिर्फ 32 माइन्स को देकर 2 लाख 7,000 करोड़ रुपया सीधे राज्यों को जाता है, तो इसीलिए जाता है क्योंकि हम ईमानदारी से काम कर रहे हैं।

महोदय, मैं कम्युनिकेशन मिनिस्टर हूं। स्पेक्ट्रम की बात हुई थी, स्पेक्ट्रम को लेकर बहुत आपत्तियां हुई थीं।

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : अब यह विषय कहां से आ गया है?

श्री रवि शंकर प्रसाद : हमने 60,000 करोड़ रुपये पर शुरू किया था, दूसरे दिन वह 65,000 करोड़ रुपये पर पहुंचा, तीसरे दिन 77,000 करोड़ रुपये पर पहुंचा, चौथे दिन 86,000 करोड़ रुपये तक पहुंचा, कल 94,000 करोड़ रुपये था और अभी जब मैं यहां से दफ्तर जाऊँगा, तो मालूम होगा कि फिर वह आगे चला जाएगा। इसी सिस्टम में, देश में पूंजी लगाने वाले लोग कहते थे कि अगर यह सब होगा, तो पूंजी नहीं लगेगी। आज वही लोग हम पर क्यों विश्वास कर रहे हैं? क्योंकि हम ईमानदारी और विश्वास के साथ काम कर रहे हैं। अगर आज हम उसी ईमानदारी को इस कानून में लेकर आ रहे हैं, तो इसमें परेशानी क्यों है?

महोदय, यहा पर मनमोहन सिंह जी बैठे हुए हैं, मैं बड़ी इज्जत से उनसे एक बात कहना चाहूंगा। मैं जानता हूं आपने Mines Act में परिवर्तन किया था। जब उस समय के मंत्री वहां पर इसे मूव कर रहे थे, उस समय मैं भी वहां बैठा हुआ था, मैंने भी उसमें पार्टिसिपेट किया था, क्योंकि पूर्व में, अटल जी की सरकार में मैं भी Minister of Coal and Mines रहा था। माननीय मनमोहन सिंह जी, उस बिल के पास होने के बाद, पाँच-छः साल तक उसे नोटिफाई क्यों नहीं किया गया था? वे कौन सी ताकतें थीं कि आपके द्वारा बिल को पास किए जाने के बाद भी, उसे पाँच-छः साल तक नीलामी के लिए रोका गया? हमें इसका जवाब चाहिए। **...(व्यवधान)...**

SHRI D. RAJA: We are discussing mines and minerals, not coal.

श्री रवि शंकर प्रसाद : आज मेरे मित्र प्रकाश जावडेकर यह सवाल कर रहे हैं कि जब आप नीलामी के रास्ते पर चले थे, तो नीलामी के रास्ते पर आपको रोकने की कोशिश कौन कर रहा था? **...(व्यवधान)...**

SHRI ANAND SHARMA: Your Chief Ministers. BJP Chief Ministers and later the Supreme Court. Please do not distort the facts. The Minister is deliberately misleading the House ..(*Interruptions*)..

श्री रवि शंकर प्रसाद : अच्छा, ठीक है, ठीक है।**...(व्यवधान)** आप चीफ मिनिस्टर की कितनी बात मानते हैं? **...(व्यवधान)...**

श्री अविनाश राय खन्ना : आप सच्चाई तो सुन लीजिए।

श्री रवि शंकर प्रसाद : आप चीफ मिनिस्टर की कितनी बात मानते हैं, इस पर हम लोग बहस कर चुके हैं, लेकिन फिर से मैं इस पर भी बहस करने के लिए तैयार हूं। अब तो मेरे पास और डॉक्युमेंट्स भी हैं, जो पहले नहीं थे, क्योंकि मैं मंत्री हूं। अगर आप फिर बहस करेंगे, तो मेरे पास कई ऐसे डॉक्युमेंट्स हैं, जो पहले नहीं थे, जो आपकी कारगुजारी को खोलेंगे।

7.00 P.M.

श्रीआनन्द शर्मा: आप यह बात मत करिए। Whom are you threatening? ...*(Interruptions)*... Whom are you threatening? आपके पास कौन से कागज़ हैं, लाइए। धमकी मत दीजिए, हम धमकियों से डरने वाले नहीं हैं।...**(व्यवधान)**...

श्री रवि शंकर प्रसाद : पहले मुझे अपनी पूरी बात तो बोलने दीजिए। ...**(व्यवधान)**... मुझे बोलने दीजिए।...**(व्यवधान)**... मैं दुनिया समझता हूं और आनन्द जी, अगर कभी आप मौका देंगे, तो हम फिर से बहस करने को तैयार हैं। जब Coal Ordinance पर पीयूष गोयल जी चर्चा शुरू करेंगे, तो काफी बहस होगी, खुलकर बहस होगी कि कौन, कहां पर और कैसे इसको रोक रहा था। आप चिन्ता मत करिए।

मुझे एक बात और कहनी है। आपने मुझे समय दिया है, इसके लिए मैं आपका सम्मान करता हूं और आपकी समय सीमा का भी मैं सम्मान करूंगा। अगर थोड़ा सा बाएं-दाएं हो जाए, तो एलाऊ कर दीजिएगा। हमारे मित्र नरेश जी ने कहा, माननीय सदस्य राजा जी ने कहा, जो मेरे अच्छे मित्र हैं, बीजेडी की तरफ से दास जी ने कहा और माननीय सुखेन्दु बाबू ने भी कहा, उनकी हम बड़ी इज्जत करते हैं, इन्होंने पूछा कि हम ट्राइबल्स का क्या भला कर रहे हैं? माननीय शरद जी ने कहा कि यह ट्राइबल्स के हाथों में जाना चाहिए और राज्यों को अधिकार मिलने चाहिए।

माननीय शरद जी, आप तो देश के बड़े अनुभवी राजनेता हैं। अगर आपने इसकी धारा 9बी को पढ़ा होता, तो आप यह बात नहीं पूछते। पहले इसमें धारा 9ए थी, लेकिन हमारी सरकार के आने के बाद इस ऑर्डिनेंस में धारा 9बी जोड़ी गई।

इसमें क्या लिखा हुआ है, कि एक District Mineral Foundation एक ट्रस्ट के रूप में बनेगा, जिसमें उनकी चिन्ता की जायेगी, जो माइनिंग से प्रभावित होंगे- व्यक्ति और इलाके। इस Mineral Foundation में कौन-कौन रहेगा, यह राज्य सरकार नियम बनाकर तय करेगी। तो यह अधिकार राज्य सरकार का है। उसके बाद जो व्यक्ति माइनिंग करेगा, तो वह जो रॉयल्टी सरकार को देगा, उसके अलावा एक निश्चित प्रतिशत रॉयल्टी District Mineral Foundation को भी देगा, उस प्रकार से, जो राज्य सरकार नियमों में बनायेगी। तो हम तो इस पूरे कानून में राज्य सरकार का सम्मान कर रहे हैं। एक District Mineral Foundation बनाओ, ट्रस्ट बनाओ। किसके लिए? आदिवासियों की चिन्ता करने के लिए अथवा इससे जो इलाके प्रभावित होते हैं, उनके लिए। उसमें कौन-कौन होगा, यह राज्य सरकार तय करे। रॉयल्टी का कितना हिस्सा आदिवासियों के लिए जायेगा, यह राज्य सरकार तय करेगी। तो पूरा तो विस्तार से कानून में लिखा हुआ है, बहुत विस्तार से लिखा हुआ है।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: मान्यवर, यह कहां पर लिखा हुआ है, ज़रा दिखा दीजिए। आप तो मंत्री भी हैं। आपने सेक्शन 9बी में यह कहां लिखा है कि आदिवासियों के लिए करेंगे? Affected के लिए कहा है। ...**(व्यवधान)**...

श्री रवि शंकर प्रसाद: एक मिनट, एक मिनट। ...**(व्यवधान)**...

श्री सतीश चन्द्र मिश्राः आप प्लीज़ दिखा दीजिए कि **...(व्यवधान)...** आप दिखा दीजिए कि यह कहां लिखा है? **...(व्यवधान)...**

श्री रवि शंकर प्रसाद: सतीश जी, **...(व्यवधान)...** आपसे पहले शरद जी बोले, नरेश जी बोले और राजा जी बोले कि minerals rest mostly in the tribal dominated area. Did they say it or not? यह बात सबने कही।

SHRI SATISH CHANDRA MISRA: This is an inference which you are drawing. ....*(Interruptions)*.... ट्राइबल्स की बात नहीं है। **...(व्यवधान)...**

श्री रवि शंकर प्रसाद: हम लोग सुप्रीम कोर्ट में बहस नहीं कर रहे हैं कि inference draw कर रहे हैं।

श्री सतीश चन्द्र मिश्राः आपने यह कहा कि हम सबने इश्यू रेज़ किया कि आप ट्राइबल्स को देने की बात कर रहे हैं। इसका कहीं प्रोविजन नहीं है। आप कह रहे हैं कि यह है। **...(व्यवधान)...**

श्री रवि शंकर प्रसाद: एक मिनट, एक मिनट। **...(व्यवधान)...**

एक माननीय सदस्य: इससे ट्राइबल्स को ही फायदा मिलेगा। **...(व्यवधान)...**

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी: मिश्रा जी, इनको बोलने दीजिए। **...(व्यवधान)...** इनको बोलने दीजिए। **...(व्यवधान)...** खुली छूट है। जो बोलना है, बोलिए।

श्री रवि शंकर प्रसाद: बिल्कुल। उस छूट के लिए आपकी इस अनुमति की आवश्यकता नहीं है। **...(व्यवधान)...**

सर, सदन से बड़े सम्मान के साथ मेरा सिर्फ यह कहना है कि अगर यह अधिकार राज्य सरकार को नियम बनाकर है कि उसमें कौन-कौन मेम्बर होगा, उनको नियम बनाकर है कि उस इलाके में जो लोग प्रभावित होंगे, उनको किस तरह से सुविधाएँ दी जायेंगी और उसमें नियम लिखा हुआ है कि रॉयल्टी का कितना परसेंट प्रभावित लोगों के लिए जायेगा, तो राज्य सरकार के पास पूरी छूट है। संसद में हमने इस कानून में क्या लिखा है कि जो माइनिंग से प्रभावित इलाके या व्यक्ति होंगे, तो माइनिंग से प्रभावित इलाके**...(समय की घंटी)...** सतीश जी, आप तो बड़े अनुभवी आदमी हैं, हमने भी देश देखा है। **...(व्यवधान)...**

श्री सतीश चन्द्र मिश्राः सर, ये यह कहना चाहते हैं कि **...(व्यवधान)...** मान्यवर, इन्होंने यह कहा कि ट्राइबल्स के लिए इसमें प्रोविजन है, लेकिन ट्राइबल्स के लिए कहीं जिक्र नहीं है। It is only for ....*(Interruptions)*....

श्री उपसभापति: उन्होंने yield नहीं किया। He has not yielded. ....*(Interruptions)*.... He has not yielded. ....*(Interruptions)*....

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी: सर, आपने पांच मिनट का समय दिया था। **...(व्यवधान)...** श्रीमन्, आपने पांच मिनट का टाइम दिया था, दस मिनट हो गये। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now finish. ...(*Interruptions*)... He will conclude.

श्री रवि शंकर प्रसाद: सर, अब मैं कन्क्लूड करूँगा।

मैंने झारखंड को देखा है, मैं छत्तीसगढ़ का प्रभारी रहा, मैंने मध्य प्रदेश में काम किया है, मैंने महाराष्ट्र को देखा है और मैं विद्यार्थी परिषद के दिनों से आज तक एक सक्रिय कार्यकर्ता हूँ। मैंने देश को बहुत देखा है और पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूँ कि खनिज पदार्थ वहीं पर हैं, जहां अधिकांश आदिवासियों की पॉपुलेशन है। यह एक सच्चाई है। क्या आप इसे मान सकते हैं? इसीलिए हमने इस कानून में उसका सम्मान किया है। इसलिए, यह कहना कि उसकी चिन्ता नहीं की गयी है, यह बहुत ही अनुचित है। मैं काग्रेस से फिर कहूँगा कि आप एक बार अपने गिरेबान में ईमानदारी से झांक कर देखिए। आज आप वहां हैं, पहले दस साल आप यहां थे। आपसे कुछ तो खता हुई है! अब कितने साल बाद आयेंगे, देखा जायेगा। आज इस कानून का विरोध करके, सभी वरिष्ठ मित्र मुझे क्षमा करेंगे कि आपने ज़रा भी वैसा संकेत नहीं दिया है कि जनता ने आपका राजनीतिक रूप से तिरस्कार किया इससे आपने कोई सबक सीखा है, ऐसा नहीं लगता है। आज मैं आपसे अपील करूँगा कि अगर ईमानदारी से आप कुछ सोचने को तैयार हैं, तो आपको इस कानून का खुला समर्थन करना चाहिए। यह ईमानदारी का कानून है, पारदर्शिता का कानून है और देश के विकास का कानून है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now the Minister will be the next. ...(*Interruptions*)... I have not given the time. ...(*Interruptions*)... Please sit down. ...(*Interruptions*)... I have already announced that the Minister will be the next. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी: सर, कुछ मेम्बर्स के नाम पहले से दिये हुए हैं। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. Your party has taken much more time. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वी: इनका नाम पहले से दिया हुआ है। **...(व्यवधान)...** डा. चंदन मित्रा का नाम पहले से है। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. Don't do this. I cannot allow this. ...(*Interruptions*)... I have already announced that the last speaker will be Shri Ravi Shankar Prasad and then the Minister will reply. I have already announced. ...(*Interruptions*)... No more speakers. ...(*Interruptions*)...

श्री अविनाश राय खन्ना: सर, जिनका नाम दिया हुआ है, अगर वे बोलना चाहते हैं, तो उनको बोलने दिया जाए। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. ...(*Interruptions*)...

श्री अविनाश राय खन्ना: सर, इनका नाम दिया हुआ है, इसलिए इनको बोलने दीजिए। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't use these tactics. ...(*Interruptions*)... I am fed up with this. ...(*Interruptions*)... I can't suffer this. ...(*Interruptions*)... Both sides are using tactics. ...(*Interruptions*)... Now, Mr. Minister, you reply. ...(*Interruptions*)... After the reply, I will put the motion to vote. ...(*Interruptions*)... I have already announced that. ...(*Interruptions*)... No, no. ...(*Interruptions*)... Your Party has taken more time. ...(*Interruptions*)... Sit down. ...(*Interruptions*)...

श्री शरद यादवः उपसभापति जी, ट्रेजरी बेंच के लोग ऐसा कर रहे हैं, यह कोई बात है। आप चेयर को इतना defy कर रहे हैं। **...(व्यवधान)...**

श्री अविनाश राय खन्नाः इनका नाम दिया गया है। **...(व्यवधान)...**

श्री शरद यादवः आपको बता देते हैं**...(व्यवधान)...** जब तरुण विजय जी बोल रहे थे, उनको समय दिया गया**...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Chandan Mitra, I called you. ...(*Interruptions*)...

श्री शरद यादवः मित्रा जी, तरुण विजय जी को आपका समय दे दिया गया। **...(व्यवधान)...** आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Chandan Mitra, I called you and gave you a chance. ...(*Interruptions*)... You said that you don't want to speak. ...(*Interruptions*)... You gave the chance to Mr. Tarun Vijay whose name was not there. ...(*Interruptions*)... Don't do this. ...(*Interruptions*)... You are a very senior and a very honourable man. You are also a journalist. ...(*Interruptions*)... I called your name and gave you a chance. You said that you don't want to speak. You gave the chance to Mr. Tarun Vijay and now you are asking for time. Don't do this. ...(*Interruptions*)... You are such a respectable person, more than a Member. ...(*Interruptions*)... Please don't do this. ...(*Interruptions*)... I am helpless. ...(*Interruptions*)... I can't do that now. ...(*Interruptions*)... I have already announced in the House. ...(*Interruptions*)... Don't you want me to put this motion to vote? ...(*Interruptions*)... I have already announced time of half-an-hour. But, we have taken more than two hours. ...(*Interruptions*)... Everybody spoke. I called your name also. You refused to speak then and now you are asking. Don't do this. ...(*Interruptions*)... I can't allow. ...(*Interruptions*)... I cannot succumb to this kind of pressure. ...(*Interruptions*)... Please. ...(*Interruptions*)... Now, Mr. Minister. ...(*Interruptions*)...

SHRI ARUN JAITLEY: Sir, before the hon. Minister gives the reply, I had mentioned when the House had reassembled that most of the Members had said that it should be examined by a Committee. Now, all these provisions have already been examined by the Committee. Over and above that, is there anything else that some Members have to say? I still don't know, on merits, what are the views of the Congress

[Shri Arun Jaitley]

Party, which is the prime mover behind this move. Or, is it just that we have to delay even if it was a Bill which originated in our Government and today, we have to create an obstruction in it? Is that the position? Then, it should be made clear to us. It should be clear to my friends here also that they are siding with this move. Otherwise, all these provisions have been substantially cleared by the Standing Committee. If they have any suggestion over and above that, they can let us know.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have no objection to that. But, as far as the Chair is concerned, the problem for me is that there is a motion before me. I have to dispose it of. If you agree with the suggestion of the hon. Finance Minister and the Leader of the House, I will be happy. ...(*Interruptions*)... Otherwise, I have to go by the rules and put the motion to vote. ...(*Interruptions*)...

SHRI GHULAM NABI AZAD: Sir, I just wanted to refer to what hon. Leader of the House has said that the Congress is the prime mover behind this. Let it be very clear that we are not the prime mover behind this. Each political party has its own very strong and able leadership, and they are leaders of their own standing. So, I cannot dictate to any political party or its leader, or that my party will decide and they will just sign on the dotted lines. They can take a decision on their own. So, let it be very clear. Everybody has his own views. I cannot dictate to any other political party.

SHRI ARUN JAITLEY: What is your stand on the Bill that you brought in?

SHRI GHULAM NABI AZAD: There have been some amendments and those amendments have not been gone through. That is why, heaven is not going to fall. The hon. Members and the Ministers are saying that they would not be able to pass on this money to the State Governments. Who stops the Government? Once we are done with the first half of the Session, you can go in for second Ordinance and nothing will change. Nothing will change. The law will continue. You can have the second Ordinance immediately after 20th. In the meanwhile, you can have the Select Committee also. There won't be any gap. If hon. Members and all political parties of this side want to go through that in depth, in depth, maybe, whenever we send Members to the Select Committee, or for that matter to the Standing Committee, we send Members who have knowledge, or, much interest. I think they will be able to spend much more time. Here we have 5 minutes, 10 minutes and 15 minutes, but there is no time-limit there, you can have 10 meetings, you can have 15 meetings, you can have 8 hours long meeting. One can discuss as many times as possible. They can consult Members of the other parties also. They can consult experts also. I want to dispel the impression that we are doing this just for the sake of harassing the Government. That is not our intention, not at all.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Do you agree with the suggestion made by the Leader of the House?

SHRI GHULAM NABI AZAD: We are all representing different political parties, I can't say on their behalf. Each political party has their own view.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay, Mr. Minister. Mr. Tomar please. ...(*Interruptions*).. I have to put it to vote.

श्री नरेन्द्र सिंह तोमर: माननीय उपसभापति महोदय, आज माइनिंग अमेंडमेंट बिल पर चर्चा हो रही है। इस चर्चा में काफी सदस्यों ने भाग लिया है, लेकिन अगर परिस्थिति सामान्य रहती तो मुझे लगता है कि इससे अधिक सदस्य इस चर्चा में भाग लेते और अधिक बातें रखते। इस चर्चा में जिन सदस्यों ने भाग लिया और अपने सुझाव दिए, उनमें श्री अनिल माधव दवे जी, श्री देरेक ओब्राईन जी, श्री ए. नवनीतकृष्णन जी, श्री कल्पतरू दास जी, श्रीमती गुन्डु सुधारानी जी, डा. अशोक एस. गागुंली जी, श्री रामदास अठावले जी, श्री तरुण विजय जी, श्री शरद यादव जी, श्री नरेश अग्रवाल जी, श्री तपन कुमार सेन जी, श्री सतीश चन्द्र मिश्रा जी, श्री वी.पी. सिंह बदनौर जी, श्री दिग्विजय सिंह जी, श्री सुखेन्दु शेखर राय जी, श्री अनिल देसाई जी, श्री जयराम रमेश जी, श्री डी. राजा साहब, श्री प्रकाश जावडेकर जी और श्री रवि शंकर प्रसाद जी हैं। इस बिल पर सभी सदस्यों ने अपनी बात रखने का प्रयत्न किया है, लेकिन जैसा मैंने पूर्व में कहा कि अगर बिल पर ही चर्चा करने का मानस होता और उतना समय मिलता, तो मुझे लगता है कि माइनिंग मंत्रालय के लिए यह बहुत बड़ा अवसर प्राप्त होता। लेकिन, जिन सदस्यों ने जो भी सुझाव दिए हैं, उनके प्रति मैं आभार प्रकट करना चाहता हूँ।

माननीय उपसभापति महोदय, सारे देश के ध्यान में है कि यूपीए सरकार के समय पाँच वर्षों तक लगातार खनन का काम प्रभावित रहा, अनेक प्रकार की बातें होती रहीं, देश बदनाम होता रहा। 2जी स्पेक्ट्रम को लेकर, सिंगूर मामले को लेकर, कोल ब्लॉक्स के आवंटन को लेकर अनेक प्रकार के निर्णय हुए और उन निर्णयों से खनिज का क्षेत्र प्रभावित हुआ। अवैध माइनिंग को लेकर शाह कमीशन की स्थापना हुई। शाह कमीशन ने भी अवैध माइनिंग, परिवहन और भंडारण को लेकर कर्णाटक, गोवा, ओडिशा के मामले में अपनी रिपोर्ट दी।

उस पर भी कार्यवाही हुई और उसके कारण देश में एक तरह से खनिज का संकट पैदा हो गया, मजदूरों के लिए रोजगार का संकट पैदा हो गया और उद्योग-धंधों को नुकसान पहुंचने लगा। खनिज के क्षेत्र में आप देखेंगे कि 2009-10 में ऑयरन ओर का प्रोडक्शन 218 मिलियन टन था और निर्यात 101 मिलियन टन था। अगर 2013-14 में देखेंगे तो प्रोडक्शन 152 मिलियन टन हो गया और निर्यात 9 मिलियन टन रह गया। अगर हम माइनिंग प्रकरणों के निराकरण की स्थिति को देखेंगे तो 2010 में 68 माइनिंग लीज के आवंटन का प्रॉयर एप्रूवल मंत्रालय के माध्यम से हुआ था, जो 2013-14 में आकर 9 पर रुक गया। एक तरफ माइनिंग के जो केस हैं उनके डिस्पोजल भी प्रभावित हुए, दूसरी तरफ प्रोडक्शन भी प्रभावित हुआ, निर्यात भी प्रभावित हुआ। हम 101 मिलियन टन का निर्यात करते थे, अब हम 5.6 मिलियन टन ऑयरन ओर का आयात कर रहे हैं। जब ऐसी परिस्थिति खड़ी हुई, और हम लोग मई, 2014 में सरकार में आए, तो मैंने विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और उस दौरान

[श्री नरेन्द्र सिंह तोमर]

यह ध्यान में आया कि 63 हजार से अधिक आवेदन राज्यों में और केन्द्र में माइनिंग के ऐसे पड़े हुए हैं जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। हम लोगों ने विभाग में बातचीत की, मैं स्वयं राज्यों में गया, वहां मुख्य मंत्रियों से बातचीत की, राज्य के खनिज मंत्रियों से बातचीत की, सचिव स्तर पर बातचीत हुई। खनिज क्षेत्र में, इण्डस्ट्री के क्षेत्र में, मजदूर के क्षेत्र में काम करने वाले तमाम संगठनों से चर्चा हुई और उस चर्चा के आधार पर हम लोग इस दिशा में बढ़े कि जल्दी से जल्दी हमको संशोधन बिल लाना चाहिए और संशोधन बिल लाएंगे तभी यह काम आगे बढ़ेगा। माननीय उपसभापति महोदय, जब हम इस बिल को बना रहे थे तो हम लोगों के सामने दो-तीन उद्देश्य प्रमुख रूप से थे। पहला था आवंटन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, दूसरा था खनन को प्रोत्साहित करना, तीसरा था जहां जंगल है वहीं खनिज है और जहां खनिज है और जंगल हैं, वहीं आदिवासी और गरीब आदमी हैं। उनके वेलफेयर और कल्याण के लिए हमारी सरकार को भी कुछ-न-कुछ सोचना चाहिए और तीसरा उद्देश्य था कि जो माइनिंग के क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन की आवश्यकता थी, उससे हम लोग कहीं कम काम कर रहे हैं, इस आवश्यकता को भी हमें पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए। ऐसे तीन-चार प्रमुख उद्देश्यों को लेकर हम लोगों ने यह बिल बनाया। हम इसको शीतकालीन सत्र में लाना चाहते थे, लेकिन विचार-विमर्श की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी और इस वजह से हम लोग 12 जनवरी को इसे आर्डिनेंस के रूप में लाए। मैंने पूर्व में भी अपनी बात में कहा था कि आर्डिनेंस देश में पहली बार नहीं है, इसको प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं बनाया जाना चाहिए। माइनिंग का क्षेत्र प्रारम्भ होगा तो देश की अर्थव्यवस्था में आज जो खनिज के क्षेत्र का योगदान विकास दर में दो प्रतिशत से अधिक का है, यह विकास दर बढ़ाने में योगदान करेगा। खनिज का क्षेत्र रोजगार का सृजन करने वाला है या रोजगार सृजन में योगदान करेगा। इसलिए सरकार ने मजबूरी में और विवशता में देश की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अगर कोई मार्ग अपनाया है तो मुझे लगता है कि उसे समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्य से वह परिस्थिति नहीं बन पा रही है। माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन के सभी सदस्यों से बिल में जो प्रमुख रूप से कुछ प्रावधान हैं, उन पर अपनी बात कहना चाहूंगा और उनका समाधान करना चाहूंगा। सामान्य तौर पर जब यू0पी0ए0 सरकार ने बिल बनाया था तो वह बिल 2011 में लोक सभा में आया। वह बिल लोक सभा में 2011 में आया और लोक सभा की स्टेंडिंग कमेटी को रेफर हुआ। उस स्टेंडिंग कमेटी ने मई, 2013 में इसे विभाग में वापस भेजा और लोक सभा समाप्त होने के कारण वह दोबारा लोक सभा में नहीं आया। महोदय, यूपीए सरकार भी इस बारे में चिंतित थी कि इस में सुधार होना चाहिए और इस से पहले प्लानिंग कमीशन ने होदा कमेटी बनायी थी। वह भी इस बारे में चिंतित थी कि इस कानून में सुधार होना चाहिए। उपसभापति महोदय, हमने तो उसी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है और बहुत ही साफ नीयत के साथ हम इस कानून को लेकर आए हैं। हां, इतना जरूर है कि जब यूपीए सरकार के समय वह बिल आया था, उस समय आवंटन की प्रक्रिया में auction तो एक रास्ता था, लेकिन auction के अलावा भी अनेक रास्ते थे। अब auction के अलावा बाकी रास्ते भी खुले रहें और पहले आओ, पहले पाओ, यह नीति भी बनी रहे तो मैं समझता हूं कि auction route का उपयोग कौन करेगा? महोदय, जैसी बात, कोल के मामले में कही जाती रही, तो कोल के मामले में तो auction की प्रक्रिया आपने ही शुरू की थी। वह तत्कालीन प्रधान मंत्री जी की ही कल्पना थी, लेकिन नीयत ठीक नहीं थी, इसलिए उस पर अमल नहीं हो पाया। अगर अमल हो जाता तो जो 2 लाख करोड़ रुपए नरेन्द्र मोदी जी की सरकार और पीयूष गोयल जी

के कोयला मंत्री रहते हुए मिल रहे हैं, वे सरकार, राज्यों और जनता को यूपीए सरकार के समय में भी मिल सकते थे। लेकिन आप लोगों ने वह अवसर खो दिया। माननीय उपसभापति महोदय, हम ने आवंटन की प्रक्रिया में सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। अब एक ही रास्ता है और वह auction का है। हम बल्क मिनरल का सीधे माइनिंग लीज के लिए auction करेंगे और जो गैर बल्क मिनरल है, उसका पीएल/एमएल के लिए auction करेंगे। महोदय, अब auction में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा और किसी भी प्रकार की bargaining की स्थिति नहीं बनेगी। Auction होगा तो जिस प्रकार से कोल के auction से 2 लाख करोड़ रुपए मिल रहे हैं, जब इस auction की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी, तो चाहे आयरन ओर हो, चाहे मैंगनीज हो, चाहे बॉक्साइट हो, चाहे लाइमस्टोन हो और चाहे अन्य मिनरल्स हों, इनकी नीलामी होगी तब भी इसी प्रकार से राशि आएगी, जो राज्यों के विकास में लगेगी, गरीबों के उत्थान में लगेगी और निश्चित रूप से देश की तस्वीर बदलने में वह राशि काम आएगी।

